e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 112

बुधवार
24.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com | पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये | पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अगर आप अपनी अलग पहचान बनाना चाहते हैं, तो कुछ नया करें।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### अन्नपूर्णा देवी और कल्पना सोरेन 29 अप्रैल को दाखिल करेंगी नामांकन पत्र

**गिरिडीह :** कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इनके अलावा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। कल्पना सोरेन के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत जेएमएम के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के विधायक सुदीप्य कुमार सोनू के अलावा कांग्रेस और राजद के कई नेता शामिल होंगे। जेएमएम के मुताबिक कल्पना सोरेन पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की चुनावी सभा होगी।

### सलमान के आवास पर फायरिंग के लिए प्रयुक्त दो पिस्तौल और दस जिंदा कारतूस बरामद

**मुंबई :** अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग मामले में मंगलवार को प्रयुक्त दोनों पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस मुंबई पुलिस ने सूरत में तापी नदी से बरामद किया है। मुंबई पुलिस सोमवार से सूरत क्राइम ब्रांच पुलिस और मछुआरों की मदद से तापी नदी में पिस्तौल और कारतूस ढूंढ रही थी। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के आवास के बाहर फायरिंग करने वाले मामले में आरोपित विक्की गुप्ता और सागर पाल को कच्छ भुज इलाके से मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तभी से दोनों 25 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में हैं। इन दोनों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने हवाई फायरिंग के लिए प्रयुक्त पिस्तौल को सूरत में तापी नदी में फेंक दिया था।

### अमेठी के कई नेता सपा छोड़कर भाजपा में शामिल

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर अमेठी के कई नेताओं ने असमाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी अमेठी के नेताओं में गौरीगंज ब्लॉक प्रमुख रूमा सिंह तथा उनके पति उमेश प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश प्रताप सिंह उर्फ सुरेन्द्र प्रताप सिंह, मुसाफिरखाना ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह (पप्पू), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकली, जिला पंचायत सदस्य धर्मेश, जिला पंचायत सदस्य राम सुफल भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा पूर्व नगर पालिक अध्यक्ष राजपति देवी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वन्दना श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख रहमतूलनिशा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम किशोर (कल्लू), पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम तिलक पाल भी भाजपा में शामिल हुए।

### झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 41⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

खूंटी : इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा व केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने किया नामांकन

# भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : चंपाई सोरेन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं ने झंडा- बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली।पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगो के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आई है।

उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आए और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें।

सीएम ने कहा कि बिरसा की इस पावन धरती पर आज की चिलचिलाती धूप में बैठी भीड़ ही महागठबंधन की महाशक्ति है। सीएम ने जोर देकर कहा कि पिछली बार वर्ष 2019 के चुनाव में जनता को धोखा दिया गया। इस कारण इस बार पूरी सावधानी के साथ काम करना है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है।

### पीएम मोदी के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ी है भारत की साख : राजनाथ सिंह

**रांची :** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्रा के समक्ष भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने नामांकन दाखिल किया. नामांकन के समय मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और खूंटी के पूर्व सांसद कड़िया मुंडा शामिल थे.लोकतंत्र के महापर्व में नामांकन के बाद पूरे जोश और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को माला पहना कर शुभकामनाएं दी. साथ ही जय श्रीराम के नारे भी लगाए. भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने नामांकन के बाद खूंटी में रोड शो भी किया. जहां बड़ी संख्या में भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता हाथों में झंडा-बैनर लेकर शामिल हुए. विभिन्न मार्गों से होते हुए हजारों कार्यकर्ता कचहरी मैदान पहुंचे. जहां रोड शो सभा में तब्दील हो गई.इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हालत क्या है, जनता देख रही है। हेमंत सोरेन ने राज्य के हर चीज को लूटने का काम किया है। ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है। प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात करते हैं। ये लोग अपने घर और परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं। झारखंड के गठन में 23 में से 13 साल बीजेपी की सरकार रही। आज तक भाजपा के कार्यकाल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई। ये लोग आरोप लगाते हैं कि भाजपा सत्ता में आएगी तो जमीन छीन लेंगे। झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संकल्प लेकर जाएं कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जीताकर भेजेंगे। इस मौके पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का मस्तक ऊंचा रखना है तो हमें नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी पुरुष को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है, जिन्होंने देश के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का प्रतिफल ही है कि आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अपना परिवार बनाने के लिए राजनीति करते हैं जबकि हम देश व समाज बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। हमेशा से हिंदू मुस्लिम के नाम पर बटवारा करने वाले कांग्रेसियों ने देश की सामाजिक समरसता को तार तार करने का काम किया। वे लोगों में भय पैदा कर वोट हासिल करना चाहते हैं, जबकि हम लोगों की सेवा कर उनका वोट प्राप्त करते हैं।



### कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लगाया पीएम के खिलाफ कार्रवाई ना करने का आरोप

**गुवाहाटी :** कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने चुनाव आयोग पर पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ संपत्ति के पुनर्वितरण संबंधी उनकी टिप्पणी को लेकर की गई शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रहा है और ऐसे में पार्टी कानूनी उपाय तलाश रही है। श्रीनेत ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर लोगों का पूरा विश्वास होना चाहिए और अगर भरोसा हिल गया है तो उन्हें उसे बहाल करने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में नफरती भाषण दिए। मेरे सहयोगियों ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और हमने उनके खिलाफ आरोप लगाए हैं। क्योंकि वे हमारी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, हम कानूनी उपायों पर विचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने सोमवार को राजस्थान में एक चुनावी रैली में 'संपत्ति के पुनर्वितरण' वाली टिप्पणी के लिए मोदी के खिलाफ 'उचित कार्रवाई' की मांग करते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया और आरोप लगाया कि टिप्पणियां 'विभाजनकारी', 'दुर्भावनापूर्ण' थीं और एक विशेष धार्मिक समुदाय को लक्षित करती थीं। बता दें कि रविवार को, प्रधानमंत्री ने यह दावा करके एक राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में सर्वेक्षण करने के बाद संपत्ति के पुनर्वितरण का वादा किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी को हनुमान बनाना है भाजपा को जिताना है : स्मृति ईरानी



**एजेंसी**

**अमेठी (यूपी) :** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार स्मृति ईरानी जोर-शोर से अमेठी में चुनाव प्रचार कर रही हैं.अपने प्रचार के दौरान उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस की तुलना लंका से की. उन्होंने कहा कि 20 मई को हमें प्रधानमंत्री मोदी को हनुमान बनाना है और कांग्रेस की भ्रष्ट लंका में पूंछ से आग लगानी है. बूथ पर जाकर कमल का बटन दबाना है और राष्ट्रभक्त मोदी को जिताना है.

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस और राहुल गांधी पर नियमित रूप से कटाक्ष कर रही हैं. बता दें कि अमेठी लोकसभी सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है लेकिन अभी तक यहां से कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है. वहीं 2019 में हुए चुनावों में स्मृति ईरानी ने इस सीट से राहुल गांधी को हरा दिया था. अमेठी में 20 मई को पांचवे चरण में मतदान होगा.एक सभा में स्मृति ईरानी ने प्रियंका गांधी रॉबर्ट वाड्रा पर भी कटाक्ष किया और कहा,जीजा जी की नज़र सीट पर है, साले साहब (राहुल गांधी) क्या करेंगे? एक समय था, जब बसों में सफ़र करने वाले लोग अपनी सीट पर निशानी लगाने के लिए अपना रूमाल छोड़ दिया करते थे, ताकि उस पर कोई न बैठे. राहुल गांधी भी रूमाल से अपनी सीट पर निशान लगाने आएंगे, क्योंकि उनके जीजा जी की नज़र इस सीट पर है.2019 के चुनाव में हारने से पहले राहुल गांधी ने लगातार तीन बार अमेठी का प्रतिनिधित्व किया था. इस सीट का प्रतिनिधित्व अतीत में उनके माता-पिता सोनिया गांधी और राजीव गांधी और चाचा स्वर्गीय संजय गांधी ने किया है और इसे कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था. स्मृति ईरानी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने संसद में कभी भी अमेठी के मुद्दे नहीं उठाए और सांसद के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिला.

## रांची पुलिस ने 6 करोड़ का डोडा किया बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को सूचना मिली थी कि एक ट्रक से अफीम जा रहा है। इस पर नामकुम थाना क्षेत्र के हुवांगहातु स्कूल के पास चेकिंग अभियान लगाया गया। रायसा मोड़ की तरफ से एक ट्रक डोडा लेकर आया। ट्रक की जांच हुई तो उसमें करीब 3950 किग्रा डोडा को पुलिस ने जब्त कर लिया। बताया गया कि बाजार मूल्य करीब 6 करोड़ रुपये है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि लगभग 6 करोड़ का डोडा लेकर राजस्थान जा रहा था, इसमें एक व्यक्ति भी है उसको भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उस व्यक्ति को उस वक्त गिरफ्तार किया जब वे राजस्थान ले जाने के लिए एक ट्रक में डोडा लोड कर रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छापेमारी करते हुए ट्रक जब्त कर लिया है और साथ में ट्रक का मालिक सह चालक भी पकड़ा गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि देर रात सूचना मिली कि ट्रक में डोडा लोड किया जा रहा है। जिसके बाद ग्रामीण एसपी को खबर किया गया। फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल द्वारा एक टीम गठित किया गया। जिसमें डीएसपी वन एवं नामकुम थाने की टीम समेत अन्य पुलिस पदाधिकारीयों को संयुक्त प्रयास से छापेमारी किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरपाल सिंह के रूप में हुई है, जो हरियाणा का रहने वाला है। वह ट्रक मालिक भी था और ट्रक का चालक भी है। यह ट्रक की खेप राजस्थान जाने वाली थी।

## अरविंद केजरीवाल, के. कविता अभी जेल में ही रहेंगे, हिरासत 14 दिन बढ़ाई गई

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत की अवधि सात मई तक बढ़ा दी गई है. केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था. वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं.कविता ईडी और सीबीआई, दोनों द्वारा दर्ज किये गए मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं. सीबीआई ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं राज्य की विधानपरिषद सदस्य कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद बंद थीं. ईडी ने कथित घोटाले से उपजे धन शोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था.

**तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल को दी गई इंसुलिन :** दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल को आखिरकार इन्सुलिन का इंजेक्शन दे दिया गया है. ईडी की गिरफ्तारी के बाद पहली बार उनको इन्सुलिन दी गई है, ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है. दावा किया जा रहा था कि अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार हाई हो रहा था. दिल्ली सीएम का शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था, जिसके बाद उनको इन्सुलिन का इंजेक्शन दिया गया है. अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में इंसुलिन न दिए जाने की खबर के बीच जमकर विवाद चल रहा है.पार्टी लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगा रही थी. इस पर जेल के महानिदेशक संजय बेनीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा था कि तिहाड़ में लगभग 1,000 मधुमेह रोगी हैं और उन्हें एम्स और राम मनोहर लोहिया अस्पताल सहित वरिष्ठ डॉक्टरों की सलाह के अनुसार भोजन और दवा दी जाती है. उन्होंने एनडीटीवी से कहा था,हम आमतौर पर इस तरह के दबाव का सामना करते हैं, हमें इसे सहने की आदत है, यह जीवन का हिस्सा है.

पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका पर हुई सुनवाई

## एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां क्यों लिखते हैं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से भी कड़े सवाल जवाब किए. कोर्ट ने पूछा, एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां अपने पर्चे में क्यों लिखते हैं. इसके साथ ही नेशनल मेडिकल कमीशन से पूछा कि क्या ऐसे डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है? पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से भी कड़े सवाल जवाब किए. कोर्ट ने पूछा, एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां अपने पर्चे में क्यों लिखते हैं. इसके साथ ही नेशनल मेडिकल कमीशन से पूछा कि क्या ऐसे डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है?पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि कंपनी ने मॉडर्न मेडिसिन और कोविड-19 वैक्सीन के खिलाफ दुष्प्रचार किया है. इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से पूछा कि एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां अपने पर्चे में क्यों लिखते हैं. क्या ऐसे डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है. कोर्ट ने इस मामले में हर राज्य की दवा लाइसेंसिंग ऑथोरिटी को भी मामले में पक्ष बनाया है.



**रामदेव और बालकृष्ण ने 67 अखबारों में छपवाया माफीनामा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा : कटिंग भेजो :** योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को कहा कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापन मामले में अपनी ओर से हुई गलतियों के लिए समाचार पत्रों में बिना शर्त माफी प्रकाशित की है.जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण के वकील से समाचार पत्रों में प्रकाशित माफीनामे को दो दिनों के भीतर रिकॉर्ड में पेश करने को कहा.रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वकील ने पीठ से कहा कि वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करेंगे. दोनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने सोमवार को देश भर के 67 समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित कराया है.पीठ ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख तय की. सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को 16 अप्रैल को हिदायत दी थी कि वे एलोपैथी को नीचा दिखाने का कोई प्रयास नहीं करें. न्यायालय ने उन्हें पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन के मामले में एक सप्ताह के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और पछतावा प्रकट करने की अनुमति दी थी.सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देगी.

### निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 9 मई 2024 तक बिश्रामपुर सीएचसी में 10 बेड सहित सभी जरूरतमंद के लिए दवाइया, रहने की सुविधा, ऑक्सीजन की सुविधा, एंबुलेंस सहित सभी जरूरी सुविधाएं को दुरुस्त कराने की बात कही।इसके साथ ही सभी निजी अस्पताल में लोस चुनाव को लेकर सुविधा से लेश रखने का निर्देश दिया है। श्री सिंह ने आयुषमान कार्ड से मुफ्त इलाज कराने वाले सभी रोगियों से मिल कर कुशल क्षेम जाना, साथ ही साथ सफाई व्यवस्था, ओपीडी में मरीजों की संख्या और सुविधा, प्रसव कक्ष, एमटीसी, रक्त जांच, टीकाकरण, सहित कई विभागों को जांच की।उन्होंने कहा कि इसी तरह साफ सफाई और मरीजों की सुविधा हमेशा देते रहना है,ताकि जरूरतमंद लोगों तक सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार की जम कर स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर रखने के लिए सराहा।

**सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन**

बिश्रामपुर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कक्ष और गार्ड भवन का उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह, डॉ लिली स्टेला पूर्ति, डॉ मनोज थामस, डॉ एम एम प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि अस्पताल परिसर में बेवजह कोई भी गाड़ी नहीं लगेगी, डिप्टी पर तैनात गार्ड को गाड़ी चालक को अस्पताल परिसर में आने के लिए गाड़ी नम्बर ,आने का उद्देश्य, कितना समय में अंदर गाड़ी आया। सहित कई अहम रिपोर्ट लिखवाना होगा,ताकि अस्पताल की सुरक्षा और जानकारी मिल सके।

**इनकी रही उपस्थिति**

मौके पर बिपीयम पंकज पाण्डेय, बैम पंकज सिंह, इसलाम खलीफा, विनोद तिवारी, मिथलेश दुबे, रवि कुमार,पंकज कुमार, संतोष कुमार, अनिल पांडेय, राजन कुमार, राजेंद्र सोनी, गौतम कुमार, आदित्य पाल, अरविंद पाल प्रभु कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजद थे।

# वृद्धा आश्रम में वृद्धो के बीच किया गया फल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा मंगलवार को वृद्धा आश्रम में वृद्धो को बीच फल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश कुमार ने कहा कि यहां पर वृद्ध खाने के लिए नही बल्कि घर वालो के तानों से तंग होकर आते हैं.वृद्धो की पीड़ा यह है कि वे इस उम्र में कमा कर नहीं खा सकते और घर वाले उन्हें न कमाने के कारण ही ताना मारते हैं। यह सामाजिक दृष्टि से निंदनीय हैं। धार्मिक दृष्टि से भी पाप हैं. कार्यक्रम प्रभारी प्रो महमूद आलम ने कहा कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष वृद्धा आश्रम में वृद्धो कि संख्या कम है। हमे इनकी समस्याओ के समाधान के लिए समय समय पर आकर कुछ करना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक पूजा कुमारी, रिशु, नेहा, पुष्पा, अंजलि खुशबू, चंचल, माया, रानी, पम्मी, अर्चना, ब्यूटी, सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## मैग्नीफिसेंट कोचिंग ने किया सफल विद्यार्थी को सम्मानित



**पिपरा, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा बाजार स्थित मैग्नीफिसेंट कंप्यूटर एंड कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपने कोचिंग एवं प्रखंड का नाम रोशन किया. जिसमें प्रिया कुमारी पिता महेन्द्र पासवान 89.2त्न आयुष मिश्रा पिता अरुण मिश्रा 88.2 प्रतिशत रेशम कुमारी पिता शिकेन्द्र प्रसाद 84.8 चिंटू कुमार 84.6 प्रतिशत अंक लाकर सफल हुए. वहीं सफल छात्र छात्राओं मे खुशी कुमारी 79 डब्लू कुमार 78 करुणा कुमारी 77 रंजन कुमार 75 गोल्डी कुमारी 74 सुष्मिता कुमारी 74 मीना कुमारी 73 पुष्पा कुमारी 73 विशाल कुमार 72 पुष्पा कुमारी 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कोचिंग की तरफ से विद्यार्थियों को बधाई देने के साथ-साथ सम्मानित किया गया. कोचिंग के डायरेक्टर मोनू सर एवं शिक्षक पंकज सर प्रकाश सर आलोक सर ने कहा कि विद्यार्थियों के अच्छे अंकों से सफल होने के बाद हम शिक्षकों को भी अच्छा लगता है. हमें भी ऊर्जा मिलती है कि हमारा प्रयास एवं मेहनत रंग ला रहा है। आने वाले वर्षों में इस कोचिंग संस्था के विद्यार्थी राज्य स्तर पर अपना स्थान लाएंगे ऐसा आशा हम सभी शिक्षक रखते हैं।

## पलामू प्रत्याशी ममता भुइयां ने विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनता से नामांकन में शामिल होने की अपील की



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महागठबंधन की पलामू संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी ममता भुइयां ने पाटन प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और लोगों को नामांकन में शामिल होने की अपील की. इस दौरान ममता भुइयां के साथ राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष रहमतुल्ला अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्ययक्ष पाटन, उमाशंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। **पलामू लोस सीट पर 13 मई को होना है चुनाव :** बता दें कि राजद ने पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की ओर से ममता भुइयां को अपना उम्मीदवार बनाया है. वहीं भाजपा ने झारखंड के पूर्व डीजीपी विष्णु दयाल राम को अपना उम्मीदवार बनाया है. इस सीट पर फेज चार यानी 13 मई को चुनाव होना है।

# रजिस्टार ऑफिस में चल रहा है पैसो का खेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी रजिस्टार हंस हेंब्रम के रवैया से तंग आकर उनके खिलाफ आवाज उठाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रत्येक केवाला पर दस हजार रुपए इनको बख्शीश चाहिये. उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने मंगलवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस मामले की लिखित शिकायत सरकार तक किया गया है, जिसकी प्रतिलिपि हमे भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि हुलहुला, पुरना नगर, बैलिया, रमना, बिलासपुर, बहियारी, कूपा, कैलान, बलिगढ़, चितविश्राम एवं पाल्हे के ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत दिया गया हैं.उक्त ग्रामीणों के शिकायत पत्र के आलोक में श्री केशरी ने जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन एवं सरकार से प्रभारी रजिस्टार हंस हेम्ब्रम को प्रभार से हटाकर किसी अन्य पदाधिकारी को प्रभार देने की मांग किया हैं, ताकि क्षेत्र की जनता एवं भूमि रजिस्ट्री कर्ता को न्याय मिल सके है .उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की जांच या रजिस्ट्री दोनो मामलों में विफल रहे है. उन्होंने कहा कि विगत दिनों सगमा प्रमुख अजय साव द्वारा पशु शेड दिलाने के नाम पर लाभुकों से लिये गये राशि वापस कराने के मामले में अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यपालक दंडाधिकारी को जांच कर तीन दिनों के अंदर संबंधितो के विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने तथा की गई कारवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इस मामले में भी कोई कारवाई नही किया गया। प्रेसवार्ता में शिवधारी राम,मथुरा पासवान, कमला सिंह, सगमा मण्डल अध्यक्ष दिलीप यादव, भैया राम विश्वकर्मा, दिनेश शर्मा, अरुण कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# महापुरुषों के जीवनी से युवाओं को सीखने की जरूरत : सुधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा :** भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबू कुंवर सिंह के जयंती अवसर पर बुधवार को पाटन मोड़ स्थित प्रतिमा पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस मौके पर श्रीमती सुधा चौधरी ने कहा की बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 में छिड़े स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। 80 वर्ष के उम्र में भी वे अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे. वे अन्याय विरोधी और स्वतंत्रता प्रेमी थे। वे दलित, गरीब, मजदूर, किसान सभी धर्म और जाति के लिए थे। कहा की ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने लिखा है की उस बोले राजपूत ने ब्रिटिश सता के विरुद्ध अद्भुत वीरता के साथ लड़ाई लड़ी। अगर वे जवान होते तो 1857 में ही अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ता। ऐसे महापुरुषों के जीवनी से आज के युवाओं प्रेरणा लेनी चाहिए। समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने कहा की बाबू कुंवर सिंह की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उनके जीवनी को पढ़ें और उनके आदर्शों पर चलें। आज युवा को चिंतन करना होगा की कौन सी ऐसी शक्ति उनमें था जो 80 वर्ष के उम्र में भी अंग्रेजों को पराजित किया. इस मौके पर चिंटू मेहता, संजय सिंह, सुजीत सिंह, बबलू, रामनेह सिंह, जसवंत सिंह, ब्रजेश सिंह, राजीव रंजन, शिवाकांत तिवारी, प्रेम महतो, अरुण सिंह, विकास सिंह, धनंजय सिंह, अनिल सिंह, संतोष सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हाशिम शाहदत का सालाना उर्स आज चादर पोशी के लिए अकीदतमंदों की लगी हुजूम



**चैनपुर, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शाहपुर स्थित हाशिम शाह दाता का सालाना उर्स आज से शुरू हो गया है मजार कमिटी के सदर जनाब इफ़तेखार अंसारी की सदारत मे आज अहले सुबह गुसुलखानी चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी गयी कमिटी के सरपरस्त भाइ रुस्तम अल्तमश ने बताया की हाशिम शाह के दरबार मे कोई भी सवाली खाली नही जाता बाबा सबकी मुरादें पुरी करते है यहाँ सभी जाती और धर्म के लोग अकीदत के साथ आते हैं यहां दो दिनों का उर्स लगता है जिसमें जिले के इलावा अन्य जिलों और राज्यों के भी लोग इस उर्स मे आते है जिसमें दो दिनों तक कव्वाली का आयोजन किया जाता है इस बार कर्नाटक के मशहूर कव्वाल आसिफ मुराद रजा और मुंबई के जानेमाने कव्वाल सलीम रजा तशरीफ ला रहे हैं।

## बाबू बीर कुंवर सिंह जी का आजादी के लड़ाई मे था अहम योगदान : प्रमोद कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 23 अप्रैल मंगलवार को वीर कुंवर सिंह जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार व विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या रीता यादव और प्रभा कुमारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके व वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का शुरुवात किया गया। जयंती प्रमुख शांति नाग व पूजा कुमारी ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भैया बहनों को उनके विषय में विस्तार से बताया। शांति नाग ने बताया कि, कुंवर सिंह का जन्म 23 अप्रैल 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव के एक क्षत्रिय जमीनदार परिवार में हुआ था। इनके पिता बाबू साहबजादा सिंह एक साधारण किसान थे। वे अंग्रेजी सरकार के प्रति विश्वासपात्र बने जिसके कारण उन्हें भोजपुर जिले की जमींदारी मिली थी। उनके माताजी का नाम पंचरत्न कुंवर था। उनके छोटे भाई अमर सिंह,दयालु सिंह और राजपति सिंह एवं इसी खानदान के बाबू उदवंत सिंह,उमराव सिंह तथा गजराज सिंह नामी जागीरदार रहे तथा अपनी आजादी कायम रखने के खातिर सदा लड़ते रहे। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के साथ सभी आचार्य वृंद उपस्थित थे।

# अपनी मातृभाषा का सम्मान करते हुए चौमुखी विकास के लिए अंग्रेजी भाषा भी प्रेम पूर्वक सीखें : जी पी झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में विद्यालय प्रांगण में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विश्व अंग्रेजी दिवस पर कार्यक्रम व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंग्रेजी भाषा के प्रसिद्ध तथा लोकप्रिय नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म व मृत्यु 23 अप्रैल को ही हुआ था। वे न सिर्फ लोकप्रिय नाटककार थे बल्कि आधुनिक अंग्रेजी भाषा के लिए उन्होंने कई प्रसिद्ध शब्द तथा वाक्यांश दिए जो आज भी प्रचलित हैं इसलिए उनके जन्म व मृत्यु दिवस के अवसर पर ही विश्व अंग्रेजी दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थियों को महान विलियम शेक्सपियर की जीवन यात्रा व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी भाषा के महत्व को समझते हुए अपने ज्ञानवर्धन हेतु अंग्रेजी भाषा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक के के रॉय द्वारा किया गया। कक्षा नौवीं की छात्रा अस्मिता गौतम ने प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। विलियम शेक्सपियर द्वारा रचित %द सेवन एजेस%पर विद्यार्थियों द्वारा के के रॉय व रोजर बीनी सिन्हा के सहयोग से नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें वैभव गुप्ता, लाल हर्षनाथ सहदेव, अंशराज सिंघल, वेद प्रकाश, चंदन कुमार रवि, वैभव राज पाठक, पल्लवी मेहता, आशाका खलील, सिद्धार्थ अग्रवाल व अर्पण तिर्की ने अभिनय किया। विलियम शेक्सपियर के जीवन व अंग्रेजी भाषा पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सिद्धार्थ अग्रवाल व अनुराग कुमार ने प्रथम,करमचंद उरांव ने द्वितीय तथा पलक कुमारी,अनुष्का प्रकाश व सभ्यता स्वराज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंग्रेजी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान हृदय से करना चाहिए किंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञानवर्धन हेतु हमें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी के सिन्हा,काजल रॉय,रुचिर मृगेंद्र, रागिनी कुमारी,रोजर बिनी सिन्हा का विशेष योगदान रहा। अंत में कार्यक्रम में सहभागी विद्यार्थीयों व प्रतियोगिता में विजित विद्यार्थियों को माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा सील्ड प्रदान किए गए।

## आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर लोगों ने दी बधाई



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड अंतर्गत खैरवा गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अधिसूचना जारी करते हुए केन्द्रीय सचिव मनोनीत किया है। जिस पर गढवा जिला प्रभारी सह पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि छोटन को केन्द्रीय सचिव बनाये जाने से गढवा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। वहीं उन्होंने कहा कि लगातार गढ़वा जिला में कार्यकर्ता मिलन समारोह में अन्य दलों को छोड़कर आजसू पार्टी मे शामिल हो रहे है। बधाई देने वालों मे गढवा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, केन्द्रीय सचिव शंकर विश्वकर्मा, डॉ अफजल अंसारी, दशरथ चौधरी, संतोष केशरी, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ इस्तयाक राजा, जय राम पासवान, चम्पा देवी, महिला जिलाध्यक्ष रीता देवी, पूजा शर्मा, विकास चन्द्रवंशी, राहुल प्रसाद सहित अन्य का नाम शामिल है।

# जर्जर सड़क की स्थिति को दुरुस्त करने का कर रहा हूं प्रयास : प्रिंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र का मुख्य मार्ग दुबटिया जपला पथ की जर्जर स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है. पिपरा प्रखंड आश्वासन का प्रखंड बन गया है प्रखंड बने दो दशक बीत जाने के बाद भी लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित है सड़क की स्थिति पूरे प्रखंड क्षेत्र में काफी जर्जर है साथ ही अभी तक अस्पताल का संचालन इस प्रखंड में नहीं हो सका है. सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए स्थानीय क्रेशर प्लांट ज्योति कंस्ट्रक्शन के संचालक प्रिंस प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए कहां की ज्योति कंस्ट्रक्शन के प्लांट से दुबटीया मोड तक सड़क का मरम्मत मैं निजी खर्चों से कराऊंगा. जिस कार्य को मैं दिन सोमवार को शुरू कर चुका हूं. हम लोग व्यवसायी हैं. सरकार को एक मोटा टैक्स देते हैं. यह सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि सड़क की स्थिति को दुरुस्त करें. मैं भी इसी प्रखंड का निवासी हूं लोगों की समस्याओं से भली भांति अवगत हूँ. गर्मी के दिनों में धूलकण से लोग काफी परेशान हैं. क्रेशर संचालकों के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पानी छिड़काव के लिए टैंकर की व्यवस्था की गई है. अगर वे सभी लोग अपना कार्य अच्छे से नहीं करेंगे तो उनसे यह जिम्मेवारी वापस ले ली जाएगी। स्थानीय होने के नाते मै इसके पहले भी प्रयास करते रहा हूं कि सडक कम से कम चलने लायक रहे आशा करता हूं कि अन्य क्रेशर प्लांट संचालक भी आगे बढ़कर सहयोग करेंगे। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने भी क्रेशर संचालकों से बात किया है की सड़क की स्थिति को दुरुस्त करने में अपना सहयोग दें। ताकि आम जनजीवन को कुछ राहत मिले। समय से पानी का छिड़काव करते रहे. मरम्मत कार्य में अनिमेष सिंह प्रवीण सिंह छोटू सिंह भी प्रिंस प्रताप के साथ-साथ चल रहे हैं।

# हनुमान जयंती पर बराही धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** मंगलवार को पलामू जिला के चर्चित बराही धाम में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। भोर से ही हनुमान चालीसा की चौपाई जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपिस तिहूं लोक उजागर की धुन परीसर में गूंजती रही, वहीं इस अनुमंडल क्षेत्र वी के श्रद्धालुओ की भीड़ के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक देखने को मिला, इस दौरान लोग माला, सिंदुर, तिल के तेल का दीया और लड्डू का भोग अंजनी पुत्र हनुमान लागया गया। सिंदुर चढ़ाकर लोगों ने उज्वल भविष्य और परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की, वहीं बीच बीच में श्रद्धालुओ ने जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा, रही बराही धाम समिति के लोगों ने पूरे धाम परिसर को भव्य तरीके से सजाया था, पूरा बराही धाम भगवा झंडा से पटा हुआ था। वहीं मंदिर के पुजारी दिलीप मिश्र, अजीत चौबे वैदिक मंत्रोचारण के साथ पुजा अर्चना की, इसके साथ हवन पूजन अभिषेक सहित कई अनुष्ठान किए गए। 24 घंटे का अखंड कीर्तन हनुमान जयंती के मौके पर बराही धाम परिसर में 24घंटे का रामनाम जाप अखंड कीर्तन किया गया, कीर्तन में श्रद्धालुओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हनुमान जयंती के अवसर पर बराही धाम परिसर में भव्य भंडारे का अयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। मालूम हो की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से 105फीट दक्षिणमुखी हनुमान जी प्रतिमा स्थापित की गई थी, जो भारत बर्ष की सबसे ऊंची दक्षिणमुखी प्रतिमा है। इस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बीते 7 मई 2022को देश की विख्यात जगतगुरु श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न कराया था, इस दिन क़रीब दो लाख़ से अधिक संख्या में शामिल लोग इस के साक्षी बने थे, यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग उतर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, वा झारखंड के कई जिलों से लोग दर्शन करने आते है, वहीं इस परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से प्रत्यक मंगलवार को भंडारा का अयोजन निरंतर जारी है।

## युवा ग्रामीण विकास समिति ने मनाया वीर कुंवर सिंह जयंती



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भैसमुंदो गांव स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार को युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुंदो द्वारा वीर कुंवर सिंह जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर बासुदेव उरांव ने कहा कि वीर कुंवर सिंह की जीवनी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले शेर जब गंगा पार करते हुए अंग्रेजों की गोली हाथ मे लगी तो, वें स्वयं से अपना हाथ अपनी तलवार से काट कर गंगा मैया को भारत माता की जय, गंगा मैया की जय कहते हुए समर्पित किया था। ऐसे वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह को शत-शत नमन। ऐसे वीर महापुरुष की जीवनी से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। आज के युवा उनकी जीवनी पढ़े और समाज में बुरे कार्य को छोड़ते हुए भारतवर्ष के लिए अच्छे कार्य करें, ताकि आने वाला समय में एक अच्छा समाज का निर्माण एवं उत्थान हो। कार्यक्रम में अंबिका प्रसाद सिंह, चंद्रिका प्रसाद सिंह, मनेश्वर सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, राहुल सिंह, रूपेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यंग वोटर को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया

**रांची।** स्वीप के तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से -22 अप्रैल 2024 को अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, विमेंस कॉलेज रांची के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा यंग वोटर को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकालने के दौरान छात्र/छात्राओं में गजब का जोश था। उन्होंने जब एक स्वर में कहा कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट, 25 मई देना है, देना है वोटफ्र ये नारा सुन कर कैंडल मार्च के रास्तों में निकले राहगीरों ने भी काफी उत्सुकता से इस मार्च को देखा। उन्होंने भी छात्र/छात्राओं के साथ 25 मई को हम भी मतदान करेंगे और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील की गई।

### अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को कई संस्थाओं ने किया सम्मानित

**रांची** : जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान मे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह मे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा मे सफलता हासिल करने वाले अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल एवं रांची की सुश्री हर्षिता चामरिया को सम्मानित किया गया।

## ब्राउन शुगर,गांजि अफीम तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें : डीजीपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अजय कुमार सिंह, डीजीपी, झारखण्ड एवं अनुराग गुप्ता, डीजी, सीआईडी ने संयुक्त रूप से मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन एवं उसके व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए समीक्षा बैठक की । महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन तथा उसके व्यवसाय पर नियंत्रण के उद्देश्य से सभी प्रक्षेत्रीय, पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा सभी जिलों से विगत 5 वर्षों के एनडीपीएस एक्ट में



पंजीकृत मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त (एनडीपीएस) सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में आसूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर देते हुये, हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्त्तमान स्थिति एवं अन्य आवश्यकताओं के संदर्भ में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदाथों की खेती होती है को चिन्हित कर खेती करने वाले एवं जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुये कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस बैठक में पुलिस मुख्यालय से अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, अनुराग गुप्ता, महानिदेशक, अपअनु विभाग, डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, राँची, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपअनु विभाग, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, कार्तिक एस पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अनुरंजन किसपोट्टा, पुलिस अधीक्षक, अपअनु विभाग, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सभी प्रक्षेत्रीय, पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

## मुसलमानों को पिछले 3 लोकसभा चुनाव में केंद्रीय पार्टियों ने प्रत्याशी नहीं बनाया: काशिफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** मंगलवार को द रांची प्रेस क्लब में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हमारी पार्टी झारखंड के चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। चतरा, जमशेदपुर, धनबाद और लोहरदगा। अभी 2 सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा की गई है, जिसमें लोहरदगा से पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं एक दशक से आदिवासी मूलवासी के हक और अधिकार के लिए लड़ रहे अर्जुन टोप्पो को पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया है, और धनबाद लोकसभा से डॉ परवेज नय्यर को प्रत्याशी बनाया गया है। डॉ परवेज नय्यर एक दशक से स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में समाज में मेहनत कर रहे हैं और बदलाव की राजनीति पर विश्वास करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने बताया कि आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) झारखंड में एक दलितों,



पिछड़ों , मुसलमानों, सिख , ईसाई शोषित वंचित समाज को राजनीतिक विकल्प देने के लिए और उनको हक और अधिकार दिलाने के लिए से संघर्षरत है। पिछले एक दशक से भीम और 1 साल से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने झारखंड के उन मुद्दों पर उठाया है , जिन मिद्दो को राजनैतिक पार्टियां उठाने से डरती हैं और, उन्होंने आगे बताया कि झारखंड में मुसलमानो की जनसंख्या 16त्न और दलितों की जनसंख्या 12.5त्न है, पर किसी भी मुसलमानों को पिछले 3 लोकसभा चुनाव में केंद्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों ने प्रत्याशी नहीं बनाया, और केवल एक आरक्षित सीट पर दलित को प्रत्याशी बनाया जाता है। मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा, भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज, आसपा प्रदेश मुख्य महासचिव मदुसुदन कुमार, प्रदेश सचिव नसीम, प्रदेश महासचिव शरीफ खान, आसपा लोहरदगा जिला अध्क्ष सरफराज अंसारी, जमशेदपुर युवा अध्यक्ष मजहर खान, युवा महासचिव जिब्रान सिद्दीकी, जमशेदपुर कोषाध्यक्ष दिलशाद खान, सराईकेला जिला प्रभारी इम्तियाजुद्दीन और कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बेथनी कान्वेंट स्कूल रातू,रांची में सड़कसुरक्षा के प्रबंधक जमाल अशरफ खान के निर्देश पर आईटी असिस्टेंट अभय कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को हेलमेट , सीट बेल्ट, के विषय में जानकारी दी । बच्चों को बताया कि शहर के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा एक्सीडेंट होती है 7साथ ही बच्चों को कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करनी चाहिए, इससे ध्यान भटकता है, जिसके कारण आपकी एक्सीडेंट भी हो सकती है। आईटी असिस्टेंट अभय कुमार ने विद्यार्थियों को गाड़ी नहीं चलाने की नसीहत दी। अंत में अभय कुमार ने स्कूल के सभी शिक्षकों को कहा कि आप भी रोड सेफ्टी का पालन करें और प्रत्येक दिन कम से कम 5 मिनट बच्चों को रोड सेफ्टी के विषय में अवश्य बताएं । साथ ही अभय कुमार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कहा कि एक्सीडेंट सिर्फ जागरूकता लाने से ही कमी हो सकती हैं ।

## लालपुर चौक से लेकर डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें : हाई कोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट ने यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। हाई कोर्ट ने कहा कि लालपुर चौक से लेकर डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दें। हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसके बाद हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम से उक्त बातें मौखिक कही। रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में मटन चिकन की दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे



स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। मटन,चिकन के दुकानदारों से खाली कराए गए जगह पर पार्किंग बनाने के लिए उपयुक्त से एन ओसी मांगा गया है।एन ओसी मिलने के बाद वहां लोगों के लिए फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार कांस्टेबल स्थाई रूप से लालपुर में ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। बाइक से भी पुलिसकर्मी लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक की सड़क जाम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।

## सीसीएल का नि:शुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर 26 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिपोर्ट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## रांची में सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया।

गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक



आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है।

गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिहार एसटीएफ ने रांची से एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से पूजा करके निकल रहे एक अपराधी अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश को पकड़ा है। बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर टीम निकल गयी। बताया जा रहा है कि इस पर हत्या का मामला दर्ज था। साथ ही सीतामढ़ी कोर्ट से वारंट भी जारी था। वह फिलहाल रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम बस्ती में छुपकर रह रहा था। एसटीएफ



ने तकनीकी इनपुट पर आरोपित को रांची से गिरफ्तार किया। आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद मंगलवार को एसटीएफ टीम स्कॉर्पियो वाहन से मंदिर के पास पहुंची और उसे पकड़ लिया। युवक की गिरफ्तारी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अमित पांडेय हर दिन की तरह आज भी पूजा करने मंदिर पहुंचा था। इसी बीच करीब 11.30 बजे बिहार एसटीएफ की टीम भी मंदिर के आसपास खड़ी थी। जैसे ही अमित मंदिर से बाहर निकला और फूल दुकान में पैसे देने के लिए गया। उसी दौरान एसटीएफ टीम ने घेर लिया और जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर नामकुम थाना ले गयी। युवक को कुछ लोगों द्वारा जबरन स्कॉर्पियो में बैठाता देख तुरंत पुलिस को आस-पास के लोगों ने सूचना दी। फिर अपहरण होने की बात आग की तरह आसपास में फैल गयी।

## मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क हादसे में झालसा ने लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क और रजिस्ट्रारी ऑफिस के बीच सड़क दुर्घटना मामले में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अर्थॉरिटी) के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकार) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने पांच लोगों को रौंद दिया। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मधु रानी समेत चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।घायलों को रिम्स समेत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन अन्य घायलों में मोरहाबादी की सरिता देवी, संतोष कुमार और एक व्यक्ति शामिल हैं। घटना के बाद कार फरार चालक को लालपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार जब्त करते हुए चालक के दोस्त को हिरासत में लिया है। जल संसाधन के अधिकारी अरुण कुमार सिंह पत्नी के साथ मोरहाबादी में इवनिंग वॉक कर रहे थे। ऑक्सीजन पार्क के पास नशे में धुत कार चालक ने अचानक पति-पत्नी को धक्का मार दिया। जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद कार चालक ने पैदल चल रहे दो अन्य राहगीर के साथ स्कूटी सवार को धक्का मार दिया। जिससे वे तीनों भी सड़क पर गिर गये। इस सड़क दुर्घटना वे घायल हो गए।

## फर्जी हथियार लाइसेंस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि सूचना मिली थी कि हटिया स्टेशन के पास हथियार के साथ आया हुआ है। दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बैग में हथियार एवं गोली है ब्रिकी करने के लिए आयी थी। हटिया रेलवे स्टेशन के पास से दो व्यक्ति के पास से एक 12 बोर की एक बन्दूक, पांच जिन्दा गोली, फर्जी हथियार का लाईसेंस भी बरामद किया है। लाईसेंस लखनऊ तथा गया का बना हुआ है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों की पहचान गुजराल कुमार सिंह एवं गुड्डू के रूप में हुई है, दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा



महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा। इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## पांच लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ 4 युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि ब्राउन शुगर के 4 पेडलर्स को पुंदाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। चारों के पास से 27 ग्राम से ज्यादा ब्राउन शुगर बरामद किया गया है।

ब्राउन शुगर करीब 237 पुड़िया में था। पकड़े गए चारों आरोपियों का तार बंगाल से जुड़ है। जब्त किये गए ब्राउन शुगर की बाजार मूल्य करीब पांच लाख रुपये है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुन्दाग ओपी अन्तर्गत ब्राउन शुगर बेचने वाले गिरोह की गुप्त सूचना मिली थी। इसकी जानकारी हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को दिया





गया उनके नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर, जाफर टोली, पुराना सामुदायिक भवन में 4 युवकों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में मो मतिउल रहमान , फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान , मो रिजवान को 113 पुड़िया, बाकी आरोपियों के पास। से भी अलग अलग आरोपी के पास से 37 पुड़िया, 72 पुड़िया, 15 पुड़िया सहित कुल 237 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। पकड़े गए चारों पैडलर के पास से 4 मोबाईल फोन, 4 सवारी टेम्पो, 1 मोटरसाईकिल तथा 4800 रुपये नगद भी बरामद किया गया।इस मौके पर सिटी एसपी , पुंदाग थाना प्रभारी मौजूद थे।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के प्रांगण में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल राँची पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में श्री महावीर मंडल राँची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिर एवं सभी अखाड़ो में दिप उपत्सव के तहत दिप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर आरती की गई की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और दीपोत्सव मनाया गया ।कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे , महामंत्री गोपाल पारीक , वरिष्ट समाजसेवी अर्जुन राम , डॉ राजेश गुप्ता छोटू , प्रणय कुमार , श्री महावीर मंडल राँची के उपाध्यक्ष राज किशोर , विश्व हिन्दू परिषद के कैलाश केसरी शामिल थे । आयोजन को सफल



बनाने में संजय सहाय , मंटू दुबे , प्रकाश चंद्र सिन्हा , अमरदीप साहू , राकेश सिंह , इंदर सिंह , दीपू कुमार , कैलाश पारीक सहित सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में दीपोत्सव मनाया गया ।

## स्वीप के तहत शहरी क्षेत्र में घर-घर दस्तक अभियान चलाया गया

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों व बूथ पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी के तह ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ ने घर - घर पहुंचकर सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। जिले के शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेषकर वृद्धजनों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




## प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की दी गई जानकारी

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में आज महिला मतदान कर्मी, क्क 0 एवं क्क1 के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में डिस्पेच सेंटर से लेकर रिसीविंग सेंटर तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गय। उप विकास आयुक्त, खूंटी श्याम नारायण राम एवं परियोजना निर्देशक , आईटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रशिक्षण कार्य की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण कार्य में लगे मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने प्रशिक्षण में शामिल मतदान अधिकारी प्रथम से अपील करते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षण के दौरान चुनाव प्रक्रिया की तमाम बारीकियों को अच्छी तरह से समझ लें। किसी भी बिंदु पर संदेह की स्थिति में मास्टर ट्रेनरों से पूछ-ताछ कर अपनी शंका का समाधान कर लें। आप सभी को निर्वाचन कार्य संबंधित सभी प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेना है ताकि त्रुटिरहित चुनाव कार्य संपन्न हो।



## राँची जिला कराटे चैंपियनशिप में टाटीसिलवे क्लब के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 21 एवं 22 अप्रैल को आयोजित सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी(इमा) के संयुक्त तत्वधान में बिशप स्कूल की मेजबानी में आयोजित 11वीं इमा कप सिकोकाई राँची जिला कराटे चैंपियनशिप में टाटीसिलवे क्लब के बच्चों का शानदार प्रदर्शन के साथ फस्ट रनअप का खिताब अपने नाम किया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी(इमा) के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा नें सभी बच्चों और उनके कोच उमाशंकर महतो को बधाई देते हुवे सम्मानित किया। टाटीसिलवे टीम को काता और कुमीते में 11 गोल्ड 10 सिल्वर और 17 ब्राँज पदक प्राप्त हुए। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में दो गोल्ड मेडल के साथ पियूष उराँव सबसे कम उम्र आयुवर्ग में अव्वल रहे। बाकी मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में प्रथम कुमार,मंयक कुमार दास,साहिल कुमार महतो,अभय कुमार,अनमोल कुमार,सूरज राम,आशविक कुमार सिंह,अमन कुमार,रोशन कुमार,बुधदेव नायक,अनुराग कुमार बड़ाईक,समर कुमार पाठक,निर्भय कुमार,प्रींस राज,गायत्री कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,परी कुमारी,कुमारी आस्था,आयुशी कुमारी,लावन्या तिवारी हैं।



## कलश यात्रा कार्यक्रम पर शामिल हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरुवात की गई। आयोजन समिति के अनुसार मंगलवार को कलश यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से हजारो महिलाएं शामिल हुई इस कलश यात्रा मे स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो साथ भाजपा व कांग्रेस का कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सुबह सिलागाई और रघुनाथपुर के बीचों बीच स्थित दक्षिण कोयल नदी से कलश यात्रा शुरू की गई और इसके साथ ही पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। नवनिर्मित शिव मंदिर मे विधायक ने माथा टेक्कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया एवं हाथ जोड़कर अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि एवं अच्छे जीवन के लिए प्रार्थना भी किया। तत्पश्चात कार्यक्रम मे विधायक ने उपस्थित तमाम श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया।



## मोनर मोटन बैंकिंग अभियान शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसीआईसीआई बैंक ने पश्चिम बंगाल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अपने समर्थन को बढ़ाने के उद्देश्य से कई पहलों की घोषणा की है, साथ ही राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न भी मनाया है। बैंक ने पूरे क्षेत्र में सभी शाखाओं में रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम) द्वारा संचालित विशेष डेस्क शुरू किए हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों की बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए अनुकूलित सहायता प्रदान करते हैं, जिसमें फॉर्म सबमिशन, सावधि जमा और बहुत कुछ शामिल है।इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक अपनी सेवाओं को सीधे वरिष्ठ नागरिकों के दरवाजे तक पहुंचा रहा है, जिससे पूरे राज्य में बेजोड़ सुविधा सुनिश्चित हो रही है। इन संवर्द्धनों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, बैंक ने मोनर मोटन बैंकिंग अभियान शुरू किया, जिसमें लोकप्रिय अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी और सब्यसाची चक्रवर्ती शामिल हैं, जिसका प्रसारण प्रमुख बंगाली चैनलों पर किया गया और आउटडोर विज्ञापन के माध्यम से दिखाया गया।

## कार और बस में टक्कर, पांच घायल

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर हादु मोड़ के समीप मंगलवार को गुमला से आ बेड़ो की ओर आ रही जय बाला यात्री बस ने मारुति वैन न. छ्॥ 01क्क0320 को टक्कर मार दी। टक्कर से कार में सवार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रामावतार 70 वर्ष, केशरी 65 वर्ष, बतिया देवी 45 वर्ष, सरिता देवी 35 वर्ष, मंजू देवी व कार चालक कैलाश साव 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीसीआर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप घायल रामवतार केशरी व सरिता देवी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# कोयलांचल के राय सप्ताहिक बाजार की स्थिति हुई बदहाल, लोग परेशान

## बाजार में लगा कूड़े कचरे और गंदगी का अंबार, खतरे में पड़ा बाजार का अस्तित्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती गांव खलारी प्रखंड क्षेत्र के राय सासाहिक बाजार हाट का अस्तित्व इन दोनों खतरे में पड़ गया है। सासाहिक हाट बाजार में कूड़ा, कचरा और गंदगी का अंबार लगने से यहां के लोगों के अलावा दुकानदार और ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान यहां पुरी तरह से फैल साबित हो रहा है।राय सासाहिक बाजार की यह बदहाल स्थिति पिछले कई वर्षों से देखी जा रही है,लेकिन इस पर अभी तक किसी के द्वारा कोई पहल नहीं की गई है।मिली जानकारी के मुताबिक कोयलांचल क्षेत्र के राय सासाहिक हाट बाजार में पिछले कई वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को सासाहिक बाजार लगता है,जहां कई गांव के व्यापारी और दुकानदार यहां आकर अपनी दुकान लगाते हैं।वहीं राय, बचरा सहित दूर दराज के लोग भी यहां आकर सामानों की खरीदारी करते हैं।सासाहिक हाट बाजार में लगे शेड पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।जिसके कारण बारिश के समय व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसके अलावा पूरे हाट बाजार में कूड़े कचरे और गंदगी का अंबार लगा हुआ है,जिसके कारण बदबू से यहां रहने वाले लोगों के अलावा व्यापारी और ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में दुकानदारों ने बताया कि यह समस्या पिछले कई वर्षों से झेल रहे हैं।कुड़ा कचरा और गंदगी का अंबार रहने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।गंदगी को देखकर ग्राहक दूर से ही भाग जाते हैं।स्थिति यह हो गई है कि दुकानदार दुकान लगाने से पहले स्वयं सफाई कर रहे हैं।इसके अलावा आसपास के लोग भी कूड़ा कचरा यहां फेंक रहे हैं,जिसके कारण गंदगी और बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने कहा कि कई बार इस समस्या से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया,लेकिन किसी का भी कोई ध्यान नहीं है।अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में कोई भी व्यापारी और दुकानदार यहां दुकान नहीं लगाएगा जिससे राय सासाहिक हाट बाजार का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।





**चार वर्ष पूर्व बाजार का सुंदरीकरण की हुई थी घोषणा :** कोयलांचल क्षेत्र के राय सासाहिक हाट बाजार की दयनीय और जर्जर स्थिति को ठीक करने के लिए पहल किया गया था,लेकिन यह पहल सिर्फ कागजों पर सिमट कर ही रह गया।जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 मे राय पंचायत के निर्वतमान मुखिया प्रदीप उरांव के अथक प्रयास से राय बाजार का सुंदरीकरण और मरम्मति कराने का निर्णय लिया गया था।जिसमे जिला परिषद विभाग के द्वारा डीएमएफटी फंड से करीब 71 लाख रुपए की लागत से राय सासाहिक हाट बाजार में शेड निर्माण,पीसीसी,हाई मास्क लाईट लगाने व सासाहिक हाट बाजार की सुंदरीकरण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। लेकिन यह आज तक धरातल पर नहीं उतरी और सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह गई।इस संबंध में राय पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव ने बताया कि कार्य को लेकर एस्टीमेट भी बनाया गया था,लेकिन टेंडर नहीं होने के कारण यह कार्य नहीं हो सका।उन्होंने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान आचार संहिता लागु है ऐसे मे चुनाव के बाद यदि इस कार्य को पूरा नहीं कराया गया तो आने वाले समय में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आंदोलन किया जाएगा।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया हाठु गांव का भ्रमण

# झारखंड सरकार आदिवासी-मुलवासी हित पर काम कर रही है : शिल्पी नेहा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने हाठु गांव मे ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगो को सम्बोधन करते हुए कहा कि आज की झारखंड सरकार आदिवासी-मुलवासी हित पर काम कर रही है और इनके विकास को लेकर बहुत सारी योजना चला रही है, आप सभी को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।। इन सभी योजनाओ की जानकारी के लिए ब्लॉक जाया करे और सरकारी अधिकारी से योजना के बारे विस्तार से जानकारी ले, इसकी जानकारी आप गांव के ग्रामीणों को भी दे, ताकि ग्रामीण इसका लाभ ले सके।। बैठक मे विधायक ग्रामीणों की समस्या को भी सुनी और उसका निदान कराने का भरोसा भी दिलाया। साथ ही विधायक ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यो पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनवके कार्यान्वयन मे गति आएगी और जल्द आपकी समस्याओ का निपटारा कराया जायेगा। विधायक ग्रामीणों को यह भी कहा, हमारे लोग पैसा का उपयोग अपने बच्चों शिक्षा दिलाने मे ना करके मेला एवम अन्य फालतू फालतू चीज़ को खरीदने मे उपयोग करते है और बच्चे का भविष्य खराब करते है। विधायक लोगो को सलाह देते हुए कहा कि आप कम खाये पर अपने बच्चे को अच्छे स्कूलों मे पढ़ाकर अच्छी शिक्षा दे ताकि उन्हे अच्छी शिक्षा मिल सके। ताकि वह आगे अपना जीवन बेहतर कर पाये। मौक़े पर जिला परिषद बेरोनिका जी, मुखिया बुधराम बाड़ा, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा जी, विधायक प्रतिनिधि जमशेद जी, तंजीर जी, करमा जी, पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पिपरवार मे डयुटी पर जा रहे सीसीएल कर्मचारी की गिरकर हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार यूनिट में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद कासिम की मौत मंगलवार की सुबह डयुटी जाने के दौरान गिरने से हो गई।वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव का निवासी था और पिपरवार वर्कशॉप में ईपी फीटर के पद पर कार्यरत था।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद कासिम मंगलवार की सुबह अपने आवास बहेरा से पिपरवार वर्कशॉप डयुटी के लिए अपनी बाईक से जा रहा था,इसी बीच सीएचपी लोडिंग प्वाइंट के समीप असहज महशूश होने पर वह गिर गया।घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा उन्हें पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इधर घटना की सूचना पाकर कई श्रमिक प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली,साथ ही स्थानीय सीसीएल प्रबंधन से मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की।वही जानकारी मिलने के बाद स्थानीय सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।श्रमिक प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास से स्थानीय प्रबंधन ने मृतक मोहम्मद कासिम के पुत्र मोहम्मद अयान को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा।इस मौके पर एजीएम रंजय सिन्हा, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, अशोक परियोजना के खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, हेमचंद महतो,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,मिथिलेश कुमार,रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,केंद्रीय सचिव रामचंद्र उरांव,श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह,एसके चौधरी, भीम सिंह यादव,अभय कुमार सिंह,समसूल होदा, जुबेर आलम,मोहम्मद जुलफाम,अब्दुल अंसारी, मोहम्मद असलम,मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अशरफ, सुशील यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची**
**द्वारा आयोजित**
**चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 21 अप्रैल, 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में पक्षकारों के साथ चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम के मामलों पर बातचीत के लिए प्री–लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 27.04.2024 को पूर्वाह्न 07:30 बजे से किया जायेगा।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनावें।

**नोट :–** इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 07.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।

| दिवाकर पांडे | राहुल कुमार सिन्हा | चंदन कुमार सिन्हा |
|---|---|---|
| न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष | वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य |
| जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची। | जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची। | जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची। |

PR.NO.324011 Law(24-25):D



**कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.03.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम– लाटु, थाना–रायडीह के पास से 10 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप नं0–JH01AQ2986 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 08.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.324014 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**
(Email Id: cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)
**जिला स्वास्थ्य समिति, चतरा**

**लू से बचाव एवं उपचार के लिए: क्या करें/क्या न करें**

हीटवेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती हैं, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्न तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक है :–

**–: क्या करें :–**

- लू लगने, एवं गर्मी से ऐंठन के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, मिचली आना, पसीना आना, मूर्छित होना आदि को पहचानें।
- यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।
- अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तबभी।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ अवश्यक ले जाए।
- ओ0 आर0 एस0, (ORS) घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ अदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें।
- जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें यथा तारबूज, खरबूज, संतरें, अंगूर, अनानास, खीरा, ककड़ी, सलाद पत्ता (जूस)
- हल्के रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें।
- धूप के चश्में, छाता, टोपी एवं चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुलें में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ–पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें।
- उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें।
- सूर्य की सीधी रोशनी तथा ऊष्ण हवा को रोकने हेतु उचित प्रबंधन करें अपने घरों को ठण्डा रखें, दिन में खिड़कियाँ, पर्दे तथा दरवाजे बंद रखें विशेष कर घर तथा कार्यालय के उन क्षेत्रों में जहाँ सूरज की सीधी रौशनी पड़ती हो, उसे शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इन्हें खोल दें।
- घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृतिको बढ़ायें।
- पंखे, गीले कपड़ों का उपगोग करें।
- ऐसे बुजुर्ग तथा बीमार व्यक्ति जो एकांत वास करते हो, के स्वास्थ्य की नियमित रूप से देखभाल तथा समीक्षा की जानी चाहिए।
- घरो को ठंडा रखें दिन के समय पर्दे, खिड़कियां, दरवाजें इत्यादि बंद कर रखें तथा रात को खिड़कियाँ खोलकर रखें।
- दिन के समय में अपने घर के निचले तल पर प्रवास का प्रयास करें।
- शरीर के तापमान कोकर रखने के लिए पंखे, गीले कपड़े इत्यादि का प्रयोग करें।
- जनवरों को छायादार स्थानों पर रखे तथा उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें।
- उच्च जो क्षिम समूह यथा–एक वर्श से कम आयु के शिशु तथा अन्य छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाये, वाह्य वातावरण में (Outdoor) कार्य करने वाले व्यक्ति, बीमार व्यक्ति विशेष कर हृदय रोगी अथवा उच्चरक्त चाव से ग्रस्त व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति जो ठंडे क्षेत्रों से गर्म क्षेत्रों में जा रहें हो को हीटवेव से अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती

**–: क्या न करें :–**

- अधिक गर्मीवाले समय में, विशेष कर दोपहर 12 से 03 बजें के मध्य सूर्य की सीधी रोशनी में जाने से बचें।
- नंगे पैर बाहर ना निकलें।
- अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथा संभवब चें तथा बासी भोजन का प्रयोग ना करें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ीगाड़ियों में ना छोड़े।
- गहरें रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रम साध्य कार्य न करें।
- अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोईवाले स्थान को ठण्डा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियाँ खोल दें।
- शराब, चाय, काफी, कार्बोनेडसाफ्टड्रिंक आदि के उपयोगक रने से बचें, क्योकि यह शरीर में निर्जलीं करण करते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक
PR 324026 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 नं0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पेश की फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन

**रांची/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा फॉर्च्यूनर किसी परिचय का मोहताज नहीं है और इस सबसे प्रशंसित एसयूवी की सफलता पर खुशी मनाने के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किया। अपनी जानी-मानी विशेषताओं के आधार पर, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन कई ऐड-ऑन सुविधाओं के साथ विशिष्ट डिजाइन लाता है। फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किये जाने के मौके पर टिप्पणी करते हुए, सबरी मनोहर - उपाध्यक्ष, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमारे ग्राहक होते हैं। उन्नत सुविधाओं और ड्राइविंग अनुभवों के लिए उनकी बढ़ती प्राथमिकताएं और इच्छाएं उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज को प्रेरित करती हैं। फॉर्च्यूनर लीडर संस्करण को शक्ति और विशिष्टता की एक अद्वितीय भावना प्रदान करते हुए, अधिक ऐड-ऑन सुविधाओं के साथ अपने बोल्ड स्टाइल स्टेटमेंट को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम पेशकश प्रदान करने, शक्ति और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने में टोयोटा की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।हम भारत में फॉर्च्यूनर के उत्साही प्रशंसकों के हमारे ब्रांड में विश्वास के लिए उनके प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।



## मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर टेल्को में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार के निर्देशानुसार मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर, टेल्को में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सभी से मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज है या नहीं इसकी जानकारी ली गयी। साथ ही कंपनी अंतर्गत कार्यरत सभी पदाधिकारी/ कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु अपील किया गया। मतदाता सूची में नाम के सत्यापन हेतु वोटर हेल्प लाइन एप, 1950 टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गई। साथ ही बीएलओ के माध्यम से भी फॉर्म 6 भरने की बात कही गयी। बताया गया कि 26 अप्रैल फॉर्म 6 भरने की अंतिम तिथि है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी के द्वारा मतदान करने का शपथ लिया गया तथा मतदान तिथि के संबंध में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाइक एवं कार में स्टीकर लगाया गया ।




## शराब के नशे में पति ने पत्नी को मारा चाकू, घायल

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया थाना क्षेत्र के मुर्गागुट्टू में एक शराबी पति ने शराब के नशे में अपनी पत्नी को चाकू मार कर घायल कर दिया। परिजनों द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंभू नायक नामक व्यक्ति शराब के नशे में घर आया और अपनी पत्नी ललिता नायक से झगड़ा करने लगा। इसी दौरान वह सब्जी काटने वाले चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया जो उसके पीठ में जा लगी। पत्नी द्वारा शोर मचाने पर घर में मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों ने शम्भू नायक को धड़ दबोचा और उसकी जमकर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना के बारे में घायल महिला की सास गुरवारी नायक ने बताया कि करीब 12 वर्ष पूर्व दोनों की शादी हुई थी।



## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एआईएफएफ सब-जूनियर लीग 23-24 ग्रुप-जे 27 से

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 27 अप्रैल से शुरू होने वाला एआईएफएफ सब-जूनियर लीग 23-24 ग्रुप-जे टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए जमशेदपुर एफसी प्रतिष्ठित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तैयार है। ग्रुप जे में, जमशेदपुर एफसी बीएलजी- द डायमंड रॉक एफसी, कॉर्बेट एफसी और श्रीनिदी एफसी सहित दुर्जेय प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेगी. रोमांचक मैचों के लिए मंच तैयार है क्योंकि ये टीमें मैदान पर वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी.टूर्नामेंट में जमशेदपुर एफसी का सफर 27 अप्रैल को बैक-टू-बैक मैचों के साथ शुरू होगा. वे कॉर्बेट एफसी और श्रीनिधि एफसी के खिलाफ़ खेलेंगे। 29 अप्रैल को, जमशेदपुर एफसी डायमंड रॉक एफसी और श्रीनिधि एफसी से भिड़ेगा। 1 मई को भी रोमांच जारी रहेगा जब जमशेदपुर एफसी कॉर्बेट एफसी और डायमंड रॉक एफसी के खिलाफ खेलेगी।

## ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा मंगलवार को सामुदायिक भवन सरायकेला स्थित इ वी एम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का भौतिक निरीक्षण कर वेयरहाउस को फिर से अपनी उपस्थिति में उन्होंने सील कराया। निरीक्षण के क्रम में सीसीटीवी कैमरा, भवन की स्थिति तथा वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर उपायुक्त के साथ अपर उपायुक्त संजय कु.दास, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# उपायुक्त व एसएसपी ने एलबीएसएम कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

*- तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए स्ट्रॉंग रूम का निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका के पोलिंग पार्टी के डिस्पैच हेतु चिन्हित एलबीएसएम कॉलेज, करनडीह का निरीक्षण किया गया । सुगमता से पोलिंग पार्टी अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में प्रस्थान करें इसको लेकर कॉलेज परिसर का मुआयना कर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए स्ट्रॉंग रूम का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। साथ ही परिसर में आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग को लेकर निदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने पोलिंग पार्टी के बीच चुनाव सामग्री का वितरण, ईवीएम वीवीपैट का रखरखाव, पोलिंग पार्टी के वाहनों का पार्किंग तथा पदाधिकारियों का वाहन पार्किंग, पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्था रखने का निर्देश दिया । चिकित्सा सुविधाएं और हेल्प डेस्क की व्यवस्था, साथ ही रिजर्व, माइक्रो ऑब्जर्वर, मेडिकल टीम की बैठने की व्यवस्था आदि को लेकर भी निर्देशित किया। मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आपसी समन्वय से सफलतापूर्वक पोलिंग पार्टी के डिस्पैच का कार्य सुचारू रूप से कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, डीटीओ धनंजय, सीओ जमशेदपुर सदर मनोज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता लालजीत राम, डीएसपी व थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## सर्वोदय उच्च विद्यालय माधवपुर में मैट्रिक के 10 टॉपर्स मुखिया के हाथों हुए सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के सर्वोदय उच्च विद्यालय माधवपुर में मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र दीप महतो को 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। अतिथि के रूप में मौजूद माधवपुर पंचायत के मुखिया शत्रुघन सिंह व शिक्षकों ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। टॉप टेन सूची में शामिल प्रिया रानी दत्ता (86.2), कविता कर्मकार (84), दिपाली महतो (83.2), नवीन प्रमाणिक (82.8), प्रदीप महतो (81.6), स्वरूप प्रामाणिक (80.8), जगबंधु महतो (80), पद्दलोचन महतो (78.8) व मनोतोष महतो (77.4) शामिल हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विप्लव बेरा ने कहा कि यहां पदस्थापित सभी शिक्षक समर्पित भाव से सेवा दे रहे हैं। उम्मीद है कि भविष्य में और भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर शिक्षक सिलबेस्टर टोप्पो, स्वपन कुमार, पार्वती माझी, सौमित्र हालदार, अभिलेष कुमार व सुरेश चंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को किया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरायकेला जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में आज नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पथ कम्युनिकेशन की ओर से नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी पंचायत, टेंतलो पंचायत में कुकडु पंचायत के बेरासीसीरूम पंचायत में विभिन्न क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान लोगों से किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जन मानस को मतदाता के महत्व के बारे में समझाया और मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर बैनर प्रदर्शित किया गया।

## विवेक विद्यालय में शेक्सपियर के जन्मदिन के मौके पर नाटक एवं रोलप्ले का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में आज अंग्रेजी के महान साहित्यकार विलियम शेक्सपियर के जन्मदिन को अंग्रेजी दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें उनके द्वारा लिखा गया प्रसिद्ध नाटकों की झलकियों की प्रस्तुति हुई। बच्चों ने रोमियो जूलियट, मैकबेथ, ओथेलो, जूलियस सीज़र, हैमलेट जैसी प्रसिद्ध नाटकों के पात्रों का नाट्य रूपांतरण कर अपने अभिनय कला को प्रदर्शित किया। इसके अलावा बच्चों ने अंग्रेजी भाषा से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों में भी भाग लिया। प्राचार्य अवधेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिताओं तथा क्रिया कलापों के आयोजन से बच्चों में अंग्रेजी के प्रति उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने शेक्सपियर के जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए कहा कि विलियम शेक्सपियर अंग्रेजी साहित्य के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार रहे है एवं अंग्रेजी साहित्य में इनका योगदान अप्रतिम है।

## बारात से लौट रही कार धुसरा में दुर्घटनाग्रस्त, 4 घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे पटमदा थाना क्षेत्र के धुसरा गांव में एक अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में सवार एक ही परिवार के चार लोग बारात से धनबाद लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक को झपकी आने से वह नियंत्रण खो दिया और कार एक पुलिया के नीचे जा घुसी। घटना टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर धुसरा गांव स्थित पीडीएस दुकानदार मोहन मार्डी के घर के पास की है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार में सवार पति-पत्नी व उनके दोनों बच्चे को चोट लगी है। हालांकि पुलिया के बगल में मौजूद पेड़ पर कार टकराने से बच गई अन्यथा बड़ी दुघर्टना हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही लोग मदद को पहुंचे। लोगों का कहना है कि घटना के वक्त जोरदार आवाज हुई इसलिए बगल में मौजूद स्कूल के बच्चे भी देखने के लिए पहुंच गए थे। कार पर सवार लोग सोमवार की रात को धनबाद से जमशेदपुर गए थे और पटमदा के रास्ते धनबाद लौट रहे थे।

## जे पी स्कूल मे मैट्रिक के विद्यार्थी किये गए सम्मानित, 100 प्रतिशत उत्तीर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मानगो जयप्रकाश नगर स्थित जयप्रकाश स्कूल में स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा में स्कूल के 78 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से तथा शेष द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सभी को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय मिश्रा प्रभात खबर, विशिष्ट अतिथि पूर्वी घोष समाजसेवी, अंशु सरकार वर्ल्ड योगासन फिटनेस भारत, विजय तिवारी समाजसेवी, रानी गुप्ता समाजसेवी, विद्यालय के सचिव अर्जुन शर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुशीला टोप्पो विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं अभिभावक तथा मैट्रिक बोर्ड के परीक्षा में सम्मिलित हुए 2024 के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। विद्यालय के टॉप 10 विद्यार्थी निम्न प्रकार है,रानी गोरी 94 प्रतिशत अमर मुर्मू 92 प्रतिशत, ज्योति कुशवाहा 89.2 प्रतिशत, पिंकी कुमारी 85.8 प्रतिशत, मौसमी पाल 84.4 प्रतिशत, नंदनी कुमारी 84.2 प्रतिशत, विक्रम गोप 83.2 प्रतिशत, प्रिंस कुमार 81.4 प्रतिशत, सूरज कुमार साहू 80.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

# कदमा के अविनाश ने यूपीएससी सीडीएस 2 फाइनल में 56वां रैंक हासिल किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** यूपीएससी के सीडीएस 2 फाइनल परीक्षा के परिणाम में जमशेदपुर के कदमा निवासी रिजल्ट अविनाश कुमार ने परचम लहराया है। उसने उंक्त परीक्षा में 56वां रैंक हासिल कर शहर का नाम रौशन किया है। अविनाश ने दसवीं तक की पढ़ाई राजेंद्र विद्यालय से की। उसके बाद इंटर की पढ़ाई डीएवी स्कूल बिष्टुपुर से की। इसके बाद वर्ष 2023 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से दर्शनशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई प्रथम श्रेणी से पूरी की। अविनाश के पिता कृष्ण कुमार सिंह एक निजी कंपनी में कर्मचारी हैं जबकि माता रेखा सिंह एक ब्यूटी पार्लर चलाती है। उन्होंने एक छोटे से गाँव से निकलकर अपने बच्चों की परवरिश बेहतरीन तरीके से करने की चुनौती ली जिसे अविनाश ने पूरा कर दिखाया। अविनाश ने इस सफलता के पीछे अपने माता-पिता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान बताया है। उसने कहा कि माता-पिता के प्रयासों और प्रोत्साहन के बिना वह यह सपना पूरा नहीं कर पाता।

## विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर पीडीजे ने की दो बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झालसा,राँची के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला खरसावां के तत्वाधान में 21 अप्रेल से प्रारंभ विशेष लोक अदालत 27 अप्रैल 2024 तक चलेगा। स्पेशल लोक अदालत के माध्यम अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार का प्रयास निरंतर जारी है।मंगलवार को उन्होंने दो अलग अलग बैठकें की। पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे यहां के मध्यस्थ और अधिवक्तागण के साथ उन्होंने बैठक की। उन्होंने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में विद्युत विभाग और एन आई एक्ट के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने का उन्होंने निर्देश दिया। प्राधिकार के सचिव तौसीफ मिराज ने बताया कि 27 अप्रैल को मासिक लोक अदालत के साथ साथ स्पेशल लोक अदालत का भी आयोजन किया जाना है।पीडीजे विजय कुमार ने पुनः दोपहर 12 बजे बिजली विभाग के अधिकारियों और बैंक अधिकारियों के साथ एक की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी को स्पेशल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों एग्जीक्यूटिव इंजीनियर,सरायकेला विशाल कुमार और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आदित्यपुर अनूप प्रसाद, सहायक अभियंता सरायकेला और आदित्यपुर, एलडीएम सरायकेला बिरेन कुमार, एसबीआई के चीफ मैनेजर सिद्धान्त, ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी साहू सहित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,केनरा बैंक,यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बंधन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

*भामाशाह की 477वीं जयंती पर तैलिक साहू महासभा ने बांटे शर्बत, खिचड़ी व हलवा भोग*

# एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से निकली भव्य शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी द्वारा महादानवीर भामाशाह की 477वीं जयंती समारोह राष्ट्र गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से भामाशाह चौक (एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर) पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तैलिक साहू समाज के गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से महादानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पहले जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से शोभायात्रा निकाली गयी, जो एग्रीको सिग्नल होते हुए भालूबासा रोड़ से साकची गोल चक्कर से एमजीएम गोलचक्कर भामाशाह चौक पहुंचकर कार्यक्रम में तब्दीली हुआ। भालुबासा चौक पर आकाश जयसवाल के नेतृत्व मे शोभा यात्रा मे शमिल लोगो के बीच फल वितरण एवं अध्यक्ष राकेश साहू को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों लोगों के बीच शीतल जल, शर्बत, हलवा एवं खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों गणमान्य लोगों को पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इसे सफल बनाने में जिला अध्यक्ष राकेश साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, मिथलेश साव, पप्पू साहू, संतोष गुप्ता, प्रेमदास, शिवलोचन शाह, गोपाल साहू, शिवलोचन साह, रंजीत कुमार साव, पूजा साहू, स्वेता कुमारी, आदित्य धनराज साह, डॉ ऋषिकेश, विनोद शाह आदि का योगदान रहा।

# बेंगलुरु में एक दिवसीय आर वी एस कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग अल्युमिनाइ मीट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर एवं आर वी एस सी ई टी अल्युमिनाइ एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बेंगलुरु में एक दिवसीय अल्युमिनाइ मिट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के तरफ से आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी, प्लेसमेंट विभाग के हेड डॉ विक्रम शर्मा एवं अल्युमिनाइ एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कंप्यूकॉम के वरीय अधिकारी कुमार राजीव वाइस प्रेसिडेंट अमेजॉन के अधिकारी अविनाश चंद्र झा एवं सलाहकार बीइएमएल के आशीष कुमार आदि एसोसिएशन की तरफ से उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रशासन एवं अल्युमिनाइ एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित इस मीट में उपस्थित होकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। कल तक जिन बच्चों को ज्ञान एवं अनुशासन का महत्व समझाया जाता था, वे अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कंपनियों में उच्च पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। दूसरी तरफ अल्युमिनाइ एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कुमार राजीव ने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि हम लोग जब कॉलेज में थे तो कुछ चीजे बुरी लगती थी, लेकिन अब हम गुरु के महत्व एवं उनके सलाह के महत्व को समझ पा रहें है। कॉलेज के अल्युमिनाइ एसोसिएश् से जुड़े कई लोग बड़ी-बड़ी कंपनियों में ऊंचे पदों पर पदस्थापित हैं: यथा अमेरिकन एक्सप्रेस से जुड़े विनीत, जे पी मॉर्गन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, कॉन्टिनेंटल डेलॉइट, एसेंचर, कैपजैमनाइ लिमिटेड, अमेजॉन आदी कंपनियों में इस कॉलेज से पढ़ चुके लोग उच्च-उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इस अल्युमिनाइ मीट के बेंगलुरु चैप्टर के इस कार्यक्रम में लगभग 70 पूर्ववर्ती छात्रगण सपरिवार हिस्सा लिया इस कार्यक्रम का आयोजन डिकोरल याड इंदिरा नगर, बेंगलुरु में किया गया।

# गोलमुरी फायरिंग मामले में 2 गिरफ्तार

*- देसी पिस्टल सहित एक जिंदा गोली बरामद, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल टाउन के पास बीते 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुमित कुमार यादव उर्फ मूढ़ी और विक्की सिंह शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद किया है. वहीं पुलिस ने घटना स्थल से दो खोखा बरामद किया गया था। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग की गई थी. इस मामले में संदीप के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने सुमित और विक्की को गिरफ्तार किया. पूछताछ में सुमित ने बताया कि सभी कंपनी परिसर से लोहे की चोरी करते हैं. इसी बात को लेकर दोनों में विवाद चल रहा था. जिसके बाद सभी ने संदीप की हत्या का प्लान बनाया. सिटी एसपी ने बताया कि घटना में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सड़कों पर बड़ी गाड़ियों को खड़ा करने पर रोक लगाने की मांग को एसएसपी, डीसी को ज्ञापन

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था जन सत्याग्रह के द्वारा मंगलवार को उपायुक, वरीय पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारी जमशेदपुर को ज्ञापन सौंपकर बर्मामाइन्स के ट्यूब कंपनी गोलचक्कर से टैक्सी स्टैंड तक एवं ट्यूब कंपनी गोलचक्कर से नीलडीह गोलचक्कर तक प्रायः हर दिन पिछले कुछ दिनों से बड़ी गाड़ियों को जानबूझकर रोड पर खड़ा कर देने की समस्या से अवगत कराया। जन सत्याग्रह संस्था के अध्यक्ष मनजीत कुमार मिश्रा का कहना हैं कि सड़कों पर बड़ी गाड़ियों को खड़ा कर देने से दुर्घटना और रोड जाम प्रतिदिन आम बात सी हो गयी है।

संपादकीय

## विस्तार पाते 'संकल्प'

**भाजपा** के 'संकल्प-पत्र' में कुछ भी नयापन नहीं है। योजनाओं का या तो विस्तार किया गया है अथवा राष्ट्रीयकरण की घोषणा की गई है। भाजपा पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के रिकॉर्ड और लोकप्रियता के भरोसे है। प्रत्यक्ष रेवडियों अथवा मुफ्तखोरी का कोई भी संकल्प नहीं किया गया है। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों के लिए 5 किलो 'मुफ्त अनाज' की योजना 2029 तक जारी रहेगी। यह देश आकलन करेगा कि वह इसे 'मुफ्तखोरी' की जमात में रखता है अथवा इसे सामाजिक-राष्ट्रीय कल्याण की जरूरत मानता है! हालांकि कोरोना-काल के काले-आर्थिक प्रभाव अब समाप्त हो चुके हैं। बहरहाल भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। मसलन-70 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को 'आयुष्मान भारत' के दायरे में रखा जाएगा। ऐसे बुजुर्ग गरीब हों या मध्यवर्गीय हों अथवा सम्पन्न हों, सभी को 5 लाख रुपए तक 'मुफ्त इलाज' की सुविधा दी जाएगी। सरकार ने 60-70 साल के सभी बुजुर्गों को इस योजना में क्यों नहीं रखा, इसका स्पष्टीकरण सरकार ही दे सकती है। इस आयु-वर्ग को भी कंपनियां 'स्वास्थ्य बीमा' नहीं देती हैं अथवा बीमे की किस्त बहुत महंगी होती है। यदि सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान' के दायरे में रखा जाता, तो भाजपा एक और लाभार्थी वर्ग तैयार कर सकती थी। भाजपा ने 'समान नागरिक संहिता', 'एक राष्ट्र, एक चुनाव', 'नागरिकता संशोधन अधिनियम', '3 करोड़ लखपति दीदी' आदि योजनाओं को लागू करने या विस्तार देने की घोषणा की है। भाजपा के वैचारिक कार्यक्रमों में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और समान नागरिक संहिता शामिल रहे हैं। अब सिर्फ नागरिक संहिता को ही देश भर में लागू करना शेष है। यह मोदी सरकार के नए कार्यकाल के दौरान सम्पन्न किया जा सकता है। शुक्र है कि 'संकल्प-पत्र' में एनआरसी का कोई जिक्र नहीं है। भाजपा की वैचारिकता में 'तीन तलाक का कानून' और नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत विदेशों में पीड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदायों को भारत की नागरिकता देना प्रधानमंत्री मोदी ने शामिल किया था। इससे औसतन 18-20 फीसदी मुस्लिम वोट भी भाजपा के पक्ष में आने लगे हैं। 'संकल्प-पत्र' में गरीबों के लिए 3 करोड़ और पक्के घर बनाना, जबकि 4 करोड़ बनाए जा चुके हैं, मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ा कर 20 लाख रुपए करना, गांवों में 3 करोड़ लखपति दीदी और बनाना, 6000 रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि आदि पुरानी योजनाएं ही हैं, जिनमें विस्तार किया गया है अथवा यथावत जारी रखा गया है। इन विस्तारों की घोषणा 'अंतरिम बजट' में और 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय संबोधन में भी की जा चुकी है। एक योजना में कुछ नयापन प्रतीत होता है। प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। 'संकल्प-पत्र' के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वायदे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख ही नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं। सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। ऐसा भी दौर भारत ने देखा है, जब मुद्रास्फीति 24-26 फीसदी या 12-14 फीसदी होती थी।


> देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों के लिए 5 किलो 'मुफ्त अनाज' की योजना 2029 तक जारी रहेगी। यह देश आकलन करेगा कि वह इसे 'मुफ्तखोरी' की जमात में रखता है अथवा इसे सामाजिक-राष्ट्रीय कल्याण की जरूरत मानता है! हालांकि कोरोना-काल के काले-आर्थिक प्रभाव अब समाप्त हो चुके हैं। बहरहाल भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। मसलन-70 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को 'आयुष्मान भारत' के दायरे में रखा जाएगा। ऐसे बुजुर्ग गरीब हों या मध्यवर्गीय हों अथवा सम्पन्न हों, सभी को 5 लाख रुपए तक 'मुफ्त इलाज' की सुविधा दी जाएगी।


### भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं

## चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

ललित गर्ग


> सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं।


**लोकसभा** चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा



सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं- "जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई"। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है।

दृष्टि कोण

## स्थिर और मजबूत रुपए की आहट

**कई** दशकों की लगातार गिरावट के बाद वर्ष 2023-24 में रुपया स्थिर होने लगा है, खासकर इसकी तीसरी और चौथी तिमाही में। हम कह सकते हैं कि वर्ष 2023-24 भारतीय रुपए के लिए बहुत शुभ रहा। गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 की पहली दो तिमाहियों में रुपए में डॉलर के मुकाबले मात्र 1.0 प्रतिशत का अवमूल्यन हुआ था। लेकिन इस वित्तीय वर्ष की अंतिम दो तिमाहियों में रुपया-डॉलर विनिमय दर 83.0 रुपए प्रति डॉलर के आसपास स्थिर हो गई। इस प्रकार की स्थिति आम तौर पर अतीत में नहीं देखी गयी है। हम देखते हैं कि 1980 के दशक से ही रुपए का मूल्य लगातार गिरता रहा है, जब हमारा देश प्रशासित विनिमय दर की व्यवस्था से हटकर बाजार द्वारा निर्धारित विनिमय दर पर आ गया था। यह उल्लेखनीय है कि रुपया-डॉलर विनिमय दर 1982 में 9.46 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर से बढक़र 31 मार्च 2023 में 82.17 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर हो गई थी। इसका अभिप्राय यह है कि 1982 से लेकर मार्च 2023 तक डॉलर में 868.6 प्रतिशत की गिरावट आई है, यानी पिछले 41 सालों में 5.41 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से रुपए का अवमूल्यन हुआ है। ऐसा देश में तेजी से बढ़ते आयातों और उससे कहीं कम गति से बढ़ते निर्यातों के कारण हुआ है। घटता चालू खाता घाटा : पिछले एक साल में, हम माल और सेवाओं के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। चालू खाते पर घाटा वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में घटकर केवल 28 अरब अमरीकी डॉलर रह गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 1.2 प्रतिशत है। चौथी तिमाही के पहले दो महीनों में घाटा अधिशेष में बदल गया है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रहती है, तो पूरे वर्ष के लिए चालू खाते पर घाटा लगभग 30 अरब अमरीकी डॉलर तक कम हो सकता है, जो सकल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत से भी कम हो सकता है, जो वर्ष 2022-23 के चालू खाते पर घाटे (66 बिलियन अमरीकी डॉलर, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2 प्रतिशत) से बहुत कम है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, हालांकि थोड़ा कम है, लेकिन भारतीय मूल के लोगों से आने वाले प्रेषण में वृद्धि से इसकी भरपाई हो रही है। इसी प्रकार, अमरीका और यूरोप में बढ़ती बेरोजगारी के बावजूद, भारतीय मूल के लोगों से आने वाले धन में वृद्धि जारी रही और 2022-23 में 125 अरब अमरीकी डॉलर के मुकाबले 2023-24 में इसके 135 अरब अमरीकी डॉलर



होने की संभावना है। डॉलर की बढ़ रही हैं मुश्किलें : प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही हम डॉलर के मूल्य में निरंतर वृद्धि देख रहे हैं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रों ने आपूर्ति के बदले में संयुक्त राज्य अमरीका को सोने में भुगतान करना शुरू कर दिया, जिसके कारण अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध की समाप्ति के बाद विभिन्न देशों ने अपनी मुद्राओं को डॉलर से जोड़ दिया और इसके साथ ही दुनिया में 'गोल्ड स्टैंडर्ड' समाप्त हो गया और इस प्रकार डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा मुद्रा बन गई। सभी देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार का अधिक से अधिक हिस्सा डॉलर के रूप में रखने लगे। लेकिन वर्ष 2000 के बाद अंतरराष्ट्रीय रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर का महत्व कम होता गया और अब यह लगभग 58 प्रतिशत पर पहुंच गया है। इतिहास में दुनिया भर के देशों के डॉलर के प्रति आकर्षण के कारण, डॉलर दुनिया की अन्य मुद्राओं, विशेष रूप से विकासशील देशों की मुद्राओं के मुकाबले लगातार मजबूत होता गया। भारत में जहां 1964 में एक डॉलर केवल 4.66 रुपए के बराबर था और अब यह लगभग 83.38 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है। शायद इसीलिए दुनिया के सभी देश डॉलर को आरक्षित मुद्रा के रूप में रखने और अपने सभी अंतरराष्ट्रीय भुगतान केवल डॉलर में करने में रुचि रखते हैं। डॉलर की इस बढ़ती मांग के कारण, डॉलर साल दर साल मजबूत होता रहा। हालांकि वर्ष 2000 में अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के रूप में अमरीकी डॉलर का हिस्सा 70 प्रतिशत से घटता हुआ अभी तक मात्र 58 प्रतिशत ही रह गया है, लेकिन अमरीकी फेडरल रिजर्व का दावा है कि अमरीकी डॉलर वैश्विक स्तर पर सबसे पसंदीदा मुद्रा बनी हुई है, लेकिन समझना होगा कि डॉलर की लोकप्रियता में गिरावट निरंतर जारी है। हम देखते हैं कि अधिकांश देश धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से डॉलर व्यापार से दूर जा रहे हैं।

कुछ अलग

## गोली मार भेजे में

**लोकतंत्र** की गंदली और दिन पर दिन सूख रही नदी की मौज़ों में घंटों मौज करने के बाद एक चट्टान पर लेटे झुन्नू लाल विटामिन डी का आनन्द उठा रहे थे। हफ्ते के छः दिन, एक कारख़ाने में बारह घंटे, आठ हजार रुपये की मज़दूरी करने वाले झुन्नू को आज रविवार की छुट्टी थी। देश में मौज पूरी तरह उतरी नहीं थी। लोकतंत्र की नदी में अभी कुछ जीवन शेष था। नहीं तो हो सकता था कि वह हफ्ते के सातों दिन कारख़ाने में मौज मारने के आदी हो जाते। कई दिनों से घर के सरकारी नल में पानी, बरसों से महंगाई से मिली राहत की तरह ग़ायब था। महंगाई से राहत न मिलने पर आदमी सालों किसी तरह जी लेता है। लेकिन बिना नहाए कितने दिन रह सकता है। मजबूरन, नहाने के लिए मुझे नदी पर जाना पड़ा। झुन्नू को देखते ही मैं चहक उठा। लगा कि कोई तो अपना है। सोचा कि लोकतंत्र की नदी में गहरे उतरते हुए पांव फिसलने पर कोई तो बचाने वाला होगा। नहीं तो डूबने वाले कितने लोग जमानत को तरस रहे हैं। झुन्नू के पास पहुंचा तो देखकर दंग रह गया। औंधे लेटे हुए अपने साथ लिटाए मगरमच्छ के बच्चे को थपकी देकर सुला रहे थे। मैंने नोट किया कि उनका सिर पारदर्शी लग रहा है। पूछा तो कहने लगे कि समाज में कुतर्क इतना बढ़ गया है कि भेजा निकाल कर घर की अलमारी में बंद कर दिया है। लेकिन ताला अलीगढिया नहीं, गोदरेज का लगाया है। हो सकता है कि अलीगढ़ का ताला विधर्मी निकले। फिर गाने लगे, 'गोली मार भेजे में, ढिचकियाऊं कि भेजा शोर करता है।' उनके साथ-साथ मगरमच्छ का बच्चा भी अपने पंजे से ताल देने लगा। लेकिन मेरी उत्सुकता शांत नहीं हुई। मैंने उनसे अनुनय करते हुए भेजा निकालने की वजह पूछी तो वह पालथी मार कर बैठ गए। मगरमच्छ के बच्चे को अपनी गोद में लेकर सहलाते हुए गाने लगे, 'मैं भी मुंह में ज़बान रखता हूं, काश पूछो कि मुद्दा क्या है?' फिर आंखें बंद करके किसी गहरे में उतरते हुए बोले, 'सिर में गोबर भरने से बेहतर है कि दिमाग़ निकाल कर अलमारी में रख दो। कम से कम सार्वजनिक जीवन में कुतर्क तो नहीं झेलने पड़ेंगे। अगर कोई सिर में गोली भी मारेगा तो आरपार हो जाएगी। नहीं तो सिर में गोबर होने पर गोली बीच में फंस सकती है। ऐसे में कोमा में जाने की पूरी संभावना है। कुतर्कों को देखकर भेजा शोर किए बिना रह नहीं सकता। बच्चे अभी छोटे हैं और बीवी ज़वान। फिर मुझ में देश सेवा का वह जज़्बा भी नहीं कि उन्हें छोड़ कर घर से भाग जाऊं। बाबू! तर्क के सहारे लडऩे पर मन तो मारा जा सकता है। लेकिन पेट कौन मारेगा? अढ़ाई फुट का यह गड्ढा तो खाना माँगता है, मुसलसल। अपने बौद्धिक विलास के लिए मैं अपने परिवार को ख़त्म नहीं कर सकता। पर यह समझ नहीं आता कि आदमी मगरमच्छ हो गया है या मगरमच्छ आदमी। लेकिन देखो! दोनों में कितना प्रेम बढ़ गया है। मेरी गोद में यह मगरमच्छु कितना पुरसुकूं महसूस कर रहा है। कोमा में जाने से बेहतर है कि आदमी ज़ोम्बी बन कर जीता रहे। फिर चाहे भेजा निकाल कर जिए या गोबर भर कर। कम से कम परिवार का साथ तो बना रहेगा। हां, भेजा निकालने का इतना फायदा अवश्य होता है कि आदमी कुतर्कों में नहीं जीता। दिमाग़ में गोबर होने पर आदमी कुतर्की हो जाता है।' उनके जवाब से मुत्तासिर होते मैंने उनसे भेजे को तिलांजलि देने की असली वजह जाननी चाही तो बोले कि जिस समाज में चुनावों में खड़े उम्मीदवार कुतर्कों के सहारे अपने आपको सही ठहराते हुए अपना चुनाव प्रचार करें और उनके समर्थक भी उनके पक्ष में मतदान करें, उसके पतन को कौन रोक सकता है। उनके जवाब से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद, मैं उनकी गोद से मगरमच्छु को अपनी बांहों में लिए, बिना कुछ देखे और सोचे-समझे लोकतंत्र की नदी में नहाने के लिए कूद पड़ा।

देश दुनीया से

## राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे


> मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूवरेत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आईं है। भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूवरेत्तर से जिस पूवरेत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एक बार फिर लोकसभा चुनावों में अपना पैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पाटा आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वाचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूवरेत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूवरेत्तर में भारतीय जनता पाटा ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पाटा को पूरा भरोसा है।


**भाजपा** की झोली कितनी भरेगी पूवरेत्तर से मोदी सरकार ने पूवरेत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूवरेत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूवरेत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आईं है। भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूवरेत्तर से जिस पूवरेत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एक बार फिर लोकसभा चुनावों में अपना पैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पाटा आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वाचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूवरेत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूवरेत्तर में भारतीय जनता पाटा ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पाटा को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूवरेत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाईं हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पाटा और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूवरेत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूवरेत्तर के पूरे इलाके में कोईं बड़ी हिसक वारदात सुनाईं नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर वुल 25 लोक सभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोईं संकेत नहीं दिया है कि उनका कोईं बहुत बड़ा स्टेक पूवरेत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनजा की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां वुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाईं नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पाटा और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनजा अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुईं हैं। पूवरेत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सायि रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरित्त पूर्वाचल प्रदेशों के प्रभारी और सह - प्रभारी डॉ0 संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव त्रतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन - प्रतिदिन को मॉनिटरिंग ने पूवरेत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है। मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देंन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन प्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सायि था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूवरेत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सायि हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुईं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईंमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है।

आप का नजरीया

## हिमाचल में लौटा पोलिथीन

**बहुत** वर्ष नहीं हुए जब तत्कालीन धूमल सरकार ने देश के पहले हिमालयी राज्य को पॉलिथीन मुक्त करने का बीड़ा उठाया और इस क्रांतिकारी कदम ने एक इतिहास लिख दिया, लेकिन इस व्यवस्था की बाद की सरकारें रक्षा न कर सकीं। पड़ोसी राज्यों की संगत में धीरे-धीरे लौट आया पॉलिथीन, क्योंकि पहाड़ के नियम तो सरकारें बदलते ही दफन हो जाते हैं। सर्वप्रथम जनता ही इनका शिकार करती है, जबकि प्रशासन को अब ऐसे कार्यों की फुसर्त ही कहां। आश्चर्य यह कि इस बीच स्वच्छता अभियान चले। गांव-गांव में सांसदों के नाम पर डस्टबिन लग गए, लेकिन कचरा और नजदीक तथा पॉलिथीन जमीन में धंस गया। हिमाचल ने पॉलिथीन यानी प्लास्टिक की बरसात देखनी हो, तो गांव से शहर तक की करतूत के हादसे किसी भी खड्ड, नदी या जलस्रोत के करीब देखिए। एक व्याख्या तो साल में राष्ट्रीय स्वच्छता का सर्वेक्षण कर देता है और ताज्जुब यह कि शिमला जैसा शहर भी हमने गंदगी की घुटनों तक पहुंचा दिया। आलम यह कि अश्विनी खड्ड के मुहाने तरस गए कि शिमला खुद को संभाल लेगा। यह हर शहर की दास्तान है, जहां वर्षों से कूड़े में प्लास्टिक लद रहा है। शहरों के साथ बहती खड्डें व नदियां बदनाम हैं और यही आगे चलकर हर बांध में तैरती जुबान है। हम जिसे सिल्ट कहते, उसके भीतर हर साल जमा हो रहा है हमारे फर्ज का कूड़ा। कितना मासूम है हिमाचल का प्रशासन। अब तो सचिवालय को मालूम नहीं होता कि बाहर शिमला में आती-जाती सडक़ों का स्थायी बाशिंदा पॉलिथीन है। किसी ने चलती गाड़ी से फेंका, किसी ने चाकलेट डे मनाया, तो प्लास्टिक भी खुली हवा में चल गया। हर पर्यटक स्थल और बड़े शहरों में आ गई खाने की कोई न कोई चेन। अच्छी पैकिंग में बिकते व्यंजन और साथ में मुफ्त का कोल्ड ड्रिंक जब खत्म होता है, तो शहर की नालियां बताती हैं कि पर्यटन से प्लास्टिक का कितना भयानक रिश्ता है। दूध की थैलियां, ब्रेड के पैकेट और सब्जी की दुकानदारी में शरीक पॉलिथीन अब हमारे परिवेश से पुनः गलबहियां कर रहा है। सवाल नागरिक स्वच्छता से सामुदायिक व्यवहार तक आपत्तियां दर्ज कर रहा है, तो कौन भविष्य के प्रश्नों पर उत्तर खोजेगा। पॉलिथीन हमारी व्यवस्था से इस कद्र चस्पां है कि सरकारी कार्यालय भी ऐसी चुनौती के पर्याय बने हुए हैं। उदाहरण के लिए धर्मशाला स्थित जिलाधीश कार्यालय का पार्किंग हिमाचल का सबसे बड़ा पॉलिथीन स्टोर व आवारा पशुओं द्वारा फैलाई गई गंदगी का खजाना बना हुआ है। आश्चर्य यह कि पांच कदम पर जिलाधीश सारे जिला को पॉलिथीन मुक्त और स्वच्छता का संदेश दे कर भी यह नहीं देख पाते कि अंततः हो क्या रहा है। कहने को हिमाचल में पांच नगर निगम और पचास के करीब शहरी निकाय हैं, लेकिन इनकी बाहों में फैले पॉलिथीन एक विरासत की तरह टस से मस नहीं होता। शहरों की औकात में इतना दम नहीं कि ढंग से इसका निपटारा कर सकें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डीसी रमेश घोलप ने देर रात 12 बजे तक सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंचे सदर अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त रमेश घोलप ने देर रात 12 बजे तक सुविधाओं का औचक निरीक्षण करने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। उन्होने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रोस्टर अनुसार लगाए गए चिकित्सकों एवं कर्मियों की ड्यूटी, उपस्थिति पंजी, मरीज वार्ड समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उन्होने रात्रि ड्यूटी में अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों को कारण पृच्छा किया गया। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को देख नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होने कार्य करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगाया और कहा इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं को जाएगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर दराज से मरीज अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज कराने सदर अस्पताल चतरा आते है। उनका समुचित जांच व ईलाज हो यह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुए पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होने कहा वर्तमान में निरीक्षण के दौरान जो समस्याएं देखी गई है वैसी समस्याएं अगले निरीक्षण के दौरान पुनः न हो। उन्होने मरीजों और उनके परीजन से मुलाकात कर मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डा जगदीश प्रसाद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनाई गई जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बलबल स्थित मां बागेश्वरी मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ कर जयंती मनाई ।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा के प्रत्याशी आदरणीय कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मत के साथ विजय प्राप्त होने की कामना की किया। तत्पश्चात द्वारी होटल में द्वारी पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कमर 26 अप्रैल को नामांकन की तैयारी को लेकर चर्चा किया। नामंकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होने का निर्णय लिया गया।मौके पर भाजपा पार्टी चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, लालधारी यादव, राकेश गुप्ता, बिकास यादव, शषि कुमार गुप्ता, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कान्हाचट्टी में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का मनाया गया शौर्य दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कान्हाचट्टी प्रखंड के शायल बगीचे में 1857 के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की शौर्य दिवस पूरे धूम धाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत बाबू वीर कुवँर सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू रॉय, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, लोहरदगा से प्रवीण सिंह, हंटरगंज से समाज सेवी अरुण कुमार सिंह, उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि बाबू वीर कुवँर सिह केवल क्षत्रिय ही नहीं थे बल्कि वे सभी समाज के अग्रणी योद्धा थे।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे जिनका कोई जनाधार और किसी तरह का सामाजिक कार्य नहीं है उसे समानित कर पुरस्कार दे रही है।लेकिन स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुवँर सिह के वंशज को कोई सम्मान और पुरस्कार नहीं दे रही है।जबकि बाबू वीर कुंवर जिस जगदीश पुर को अंग्रेजो के गुलामी के जंजीर से छुड़ाए उस जगह कई जाती धर्म के लोग रहते हैं।उनके परिजनों को सम्मान मिलना चाहिए।उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल जिसमे की आप धनबाद से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे के जवाब में कहा कि मेरा पार्टी जो निर्णय लेगी उसी पर मैं कार्य करूँगा।मेरा पार्टी चुनाव लड़ाएगी तो निश्चित रूप से धनबाद की दंगल में दौड़ लगा दूंगा।वहीं पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुवँर सिंह अस्सी वर्ष के उम्र में भी अंग्रेजो को छक्के छुड़ा दिए थे।

# 16 हजार नए मतदाताओं का नाम चतरा और सिमरिया विधानसभा में हुआ दर्ज : रमेश घोलप




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिले के दस लोगों को जिला बदर किया जायेगा और तीन लोगों पर सीसीए के तहत कार्रवाई की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन होगा। निष्पक्ष एंव भयमुक्त वातावरण में होगा मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक 16 हजार नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर झारखंड प्रदेश में चतरा का नाम रौशन हुआ है।करीब 18 करोड़ 72 लाख रुपये का नशीला पदार्थ अब तक जब्त किया गया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बातें कही।उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा का मतदान प्रतिशत राज्य के मतदान प्रतिशत से कम था। इस बार जिले के 914 मतदान केंद्रों में से 350 मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है।जिसमें मतदान प्रतिशत कम हुआ था। उन मतदान केंद्रों के मतदाताओं में रात्रि चौपाल आयोजित कर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 350 मतदान केंद्रों में से 50 मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष निगरानी के लिए मैं और डीडीसी समेत जिले के पदाधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने में डीडीसी पवन कुमार मंडल समेत जिला प्रखंड एंव बीएलओ की अति सराहनीय योगदान रहा है। जिसके कारण झारखंड प्रदेश में चतरा जिला का नाम मतदाताओं के नाम जोड़ने में बेस्ट परफॉर्मेंस पेश किया है। उन्हों ने कहा कि 107 के तहत अब तक 1461 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। मतदान पूरी तरह निष्पक्ष एंव भयमुक्त हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया है कि निर्भीक होकर अपने मतों का उपयोग करें. मतदाताओं में जागरूकता के लिए जिले के सभी 914 बूथों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चतरा एसडीओ सुरेंद्र उरांव, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और डीपीआरओ शकील अहमद के साथ साथ सभी अखबार और टीवी चैनल के पत्रकार प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत सरजामातु में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के सरजामातु में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया।शत प्रतिशत मतदान को लेकर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) अजय कुमार सिन्हा ने मतदाताओं के बीच लोकतंत्र की महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने को लेकर



मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया इस मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।वही विभिन्न स्लोगन जागों जागों हे मतदाता.... तुम भारत के भाग्य विधाता! युवा हो तुम देश की शान.... जागो उठो करो मतदान के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इसे लेकर प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।साथ ही अपने घरों और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अखिल भारतीय तेली साहू महासभा की चतरा जिला इकाई द्वारा मनाया गया भामाशाह की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अखिल भारतीय तेली साहू महासभा की चतरा जिला इकाई द्वारा दान वीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। चुनाव आचार संहिता के कारण आंशिक रूप से मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। दीप प्रज्वलित एवं उनके तस्वीरों पर पुष्पांजलि कर मनाई गई ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी प्रखंड के अध्यक्ष एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भामाशाह के विचारों को सुना गया एवं समाज के लिए उनके किए हुए योगदानों को याद किया गया। और उनके पद चिन्हों पर चलकर समाज का कल्याण करने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जीव लाल प्रसाद साहू, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, प्रदीप साहू, लखन साहू, संरक्षक धर्मेंद्र साहू, बदन साहू, देवनंदन साहु, उप प्रमुख वाहन साहू,प्रखंड अध्यक्ष गणेश नारायण साहू, प्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, प्रदीप साहू और जिला सचिव विद्यासागर साहू के द्वारा संचालन किया गया। कार्यक्रम में सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण एवं प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत रेंडमाइज्ड ईवीएम को वेयर हाउस से प्रीपोल स्ट्रॉन्ग रूम चतरा कॉलेज चतरा में शिफ्ट कराने के लिए सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के उपस्थित में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से ईवीएम वीवीपैट के नोडल पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, कोषांग के कर्मी, कार्यालय कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

# निजी विद्यालयों में अभिभावकों का जमकर हो रहा है शोषण : रविडे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** निजी विधालयों कि मनमानी व अवैध वसूली को लेकर अभिभावक चारों ओर आहत दिखाई दे रहे हैं, इस संदर्भ में झाविस नेता सह समाजसेवी रविडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिले के कुछ निजी विद्यालयों में अभिभावकों का जमकर शोषण हो रहा है। निजी विद्यालयों के संचालकों के द्वारा री एडमीशन के नाम पर, मोटी राशि की वसूली की जा रही है। तथा किताब, स्कुल ड्रेस, इत्यादी के एवज में वसूली चरमपर है, निजी विद्यालय के किताब का मुल्य भी बहुत अधीक बढ़ा चढ़ाकर है। कुल मिलाकर अभिभावकों के पसीने छुट रहे हैं। ये विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम का भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसे विद्यालय के संचालकों का एक मात्र उद्देश्य है, केवल लुटना। दुसरी ओर कुछ निजी विधालय के संचालक सेवा भाव से विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी और जिला प्रशासन मौन धारण करके सबकुछ देख रहा है तथा विद्यालय के लुटेरा संचालकों को लुट की खुली छूट दे रहा है। अविभावक अपने बच्चे के भविष्य को लेकर चिंतित है, इसी वजह से इस प्रत्याचार को चुपचाप सह रहे हैं। लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर सभी लोग व्यस्त हैं, इसी का नाजायज़ फायदा कुछ विधालय के संचालक उठा रहे हैं। किसी विधालय में तो करोड़ों रुपये का अवैध वसूली हो चुका है, गहन और निष्पक्ष जांच से कुछ विद्यालय संचालक जेल की हवा खाएँगे।

# उपायुक्त गरिमा सिंह कि अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की मंगलवार के जनता दरबार में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से अबुआ आवास, नियोजन, जमीन विवाद, चापानल लगवाने के संबंध में, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन, लाल कार्ड, जमीन बंदोबस्ती एवं वन पट्टा, मुआवजा राशि आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित




विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# बरवाडीह भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह का निधन शोक की लहर



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह भाजपा मंडल के महामंत्री प्रदीप सिंह का रांची के पारस अस्पताल मे मंगलवार को ईलाज के दौरान निधन हो गया। प्रदीप सिंह के ब्रेन हेमरेज होने के बाद रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था ,जहां इलाज के दौरान उनकी निधन हो गई। उनके निधन से भाजपा संगठन का भारी नुकसान हुआ है। वे भाजपा के एक वक्ता के रूप में माने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को होगी। उनके निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओ मे शोक लहर दौड़ पड़ी । वहीं उनके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं इस बारे में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने भाजपा नेता प्रदीप सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि वे भाजपा के एक समर्पित और ईमानदार नेता हमने खो दिया है इसकी भरपाई करना मुश्किल है। वहीं वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह ने दुःख व्यक्त करते हुए इस दुःख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़े रहने की बात कही। वहीं दुःख व्यक्त करने वालों मे मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, प्रमुख सुशीला देवी सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद,उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, जिला कार्य समिति सदस्य ईश्वरी सिंह, वरिष्ठ नेता विनय सिंह, तस्लीम ख़ान,प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजयुमो नीरज कुमार सिंह मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद,मनोज यादव,शखीचंद प्रसाद, विवेक सिंह, कमलेश यादव, विकास सिंह, हेमंत कश्यप, मनीष कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश प्रसाद, जिला मंत्री अजय प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, नन्देव सिंह पवन चौधरी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

# गरमी की दस्तक से ही सुखने लगे कुएं, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला बघौता मे पूरन राम के घर के पास वाले कुआँ मे गर्मी के दस्तक देते ही कुआँ का पानी सुख गया। जिससे लोगो को पेयजल के साथ साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टोला वासी भुनेश्वर राम, संजय कुमार, पूरन राम, धीरंजन कुमार, सुमन देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बाताया कि इस टोले मे हमलोग लगभग 10 परिवार रहते है। जो पेयजल तथा अन्य दैनिक कार्यो के लिए एक कुआँ पर निर्भर है। कुआं के सुख जाने सें हमलोग के बिच पेयजल के लिए काफ़ी परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होने कहा कि पानी की समस्या को देखते हुए हमलोग कुछ ग्रमीण मिलकर कुआँ को गहराई करने का काम किया .जिससे थोड़ा बहुत पानी जमा हुआ है। लेकिन यह पानी सिर्फ गंदा निकला और फिर धीरे धीरे सुख गया. ग्रामीणों का कहना है कि अगर कुआं का मरम्मती करा दिया जाए तो कुएं मे पर्याप्त मात्रा में पानी हो जाएगा. सभी टोला वासियो ने अपने पचयात मुखिया व प्रखण्ड प्रशासन से उक्त कुआँ को मरम्मत कराने की मांग की हैं.

# बीडीओ व सीओ ने विद्यालय का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी को सीएपीएफ केंद्र बनाया गया है। मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व अंचल अधिकारी राकेश सहाय विद्यालय पहुंचे। जहां बगैर सूचना प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव अनुपस्थित पाए गए। जबकि जबकि चुनाव कार्य में घोर लापरवाही देखी गई। लापरवाही को देखते हुए 24 घंटा के अंदर प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा गया है। स्पष्टीकरण संतुष्ट जनक नहीं होने पर चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबन को लेकर उपयुक्त को भेजा जाएगा। बताया गया कि प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी को सीएपीएफ केंद्र बनाया गया है। जहां शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर केंद्रीय पुलिस बल का ठहराव किया जाना है। केंद्र पर



शौचालय, बाथरूम, बिजली, पेयजल सहित अन्य सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था। परंतु विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया है।विद्यालय मूल भवन में अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं किया गया है। जो लापरवाही का घोटक है जबकि बगैर सूचना के प्रधानाध्यापक मंगलवार को गायब पाए गए। विद्यालय में उपस्थित अन्य शिक्षकों को बीडीओ व सीओ ने जमकर फटकार भी लगाया। उन्होंने कहा विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण अच्छी नहीं दिख रही है। शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी बरतने ने का निर्देश दिया।कहा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीडीओ व सीओ ने विद्यालय भवन का निर्माण कर रहे संवेदक को 24 घंटा के अंदर शौचालय, बाथरूम सहित अन्य सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

## रसोइया धमना में लोगों के बीच कांग्रेस गारंटी कार्ड को लेकर पहुंचे प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी मंगलवार को रसोइया धमना के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से मिले और उन्हें पार्टी का गारंटी कार्ड भरकर सौंपा। इस दौरान प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी कार्ड में युवा, न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत 25 गारंटी दी गई है। पार्टी के निर्देश पर प्रखण्ड के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर इसे पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के साथ पंसस मो तैयब भी मौजूद रहे।

## हजारीबाग में निर्वाचन व्यय के लिए निगरानी हेतु प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर विडियो निगरानी दल,विडियो अवलोकन दल,लेखा दल,उड़न दस्ता एवं चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। आज इससे संबद्ध सभी दलों के पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण - सह-संदेह निवारण सत्र का आयोजन प्रशिक्षण सूचना भवन हजारीबाग में किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, रतन लाल गुप्ता ने सभी दलों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग के संबंधित सभी निदेशों से अवगत कराया। सहायक नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने सभी दलों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। राज्य कर पदाधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के संदेह को स्पष्ट किया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने जब्ती की प्रक्रिया को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने के संबंध में बताया। दल का कार्य मुख्यतः MCC, Call Center, C-vigil तथा SST के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जाँच करना है। यह दल 24x7 कार्य करेगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी कोषांग (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग) के अंतर्गत आने वाली कोषांग चुनावी खर्च से सम्बंधित ब्योरों की निगरानी कैसे रखी जाए इसकी जानकारी दी गई।

## पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत 56 नामजद व 1000 अज्ञात पर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**बड़कागांव :** महुदी गांव में रामनवमी जुलूस विवाद संबंधित घटित घटना को लेकर अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के द्वारा बड़कागांव थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए गया है। दोनों केस में कुल 56 नामजद व 1000 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें भाजपा नेता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत कई जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का नाम शामिल है। बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने पहली प्राथमिकी में 25 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। जिसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, पूर्व विधायक भाजपा नेता लोकनाथ महतो, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,जीप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख बचनदेव कुमार, दामोदर महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकि का नाम शामिल है । प्राथमिकी में कहा गया कि 16 अप्रैल को 1.30 बजे महुदी राणा टोला व आसपास के गांव और बाहर से कुछ लोग गैर लाइसेंसी जुलूस लेकर महुदी आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच गये। वहीं अंचलाधिकारी ने थाना में दूसरा मामला कांड संख्या 106/24 के तहत 31 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। जिसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, लोकनाथ महतो, सुनीता देवी, बचनदेव कुमार, टुकेश्वर महतो, दामोदर महतो, खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकी, मो आजाद, शमशेर आलम, मो युनूस, मो हैदर, मो लितु मियां, मो अब्बास का नाम शामिल हैं। इसमें सरकारी पदाधिकारी के वाहन को क्षतिग्रस्त करने, पदाधिकारीओ पर पथराव करने तथा आगजनि करने का आरोप है।

## विवाह से लौट रहे ऑटो के पलटने से एक युवक की मौत, कई लोग घायल



**विष्णुगढ़ :** खुशी का माहौल एक झटके में गम में तब्दील हो गया।विवाहोपरांत लौट रहे ऑटो के पलटने से एक युवक की मौत हो गई वही सवार बारातियों में कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया गया कि ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को तत्काल विष्णुगढ़ सीएचसी भेजा गया। जांचोउपरांत विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत के ऊंचाघाना निवासी नंदलाल तुरी के 15 वर्षीय पुत्र बीरबल तुरी की मौत की मौत की पुष्टि की गई। गंभीर रूप से घायल बारातियों को बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना बीति रात की है,चटकरी के पांडे बांध के पास घटना घटी ।

## एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू प्रखंड क्षेत्र के 18 स्थलों में जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग ।** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 18 गांवों का सघन तुफानी दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर मतदान करने का अपील जनता और मतदाता से किया। मनीष जायसवाल ने मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर से सुबह निर्धारित समय पर अपने दौरे की शुरुआत की। जिसके बाद गरगाली, मांडू डीह, हेसगढ़ा, बोगाहारा, बुमरी, कंजगी, पंडरिया, मंझला चुम्बा, बड़का चुम्बा, बहेरा टांड़, ओरला माइंस, तोपा, पिंडरा, डटमा बस्ती, तोयरा और कुजू न्यू कॉलोनी में जनसंपर्क और जनसंवाद किया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र में उमड़े लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ के लिए आभार जताया और हाथ जोड़कर कृतज्ञता व्यक्त किया । क्षेत्र दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता पूरी तरह मूड बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब भी जनता से वार्ता करते हैं और उनके पास दो ऑप्शन होता है जिसमें एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी ओर महागठबंधन जिसका अब तक पीएम का चेहरा नहीं है तो लोग सीधे तौर पर मोदी को अपना पीएम बनाने का आतुर दिखते हैं। मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है और जो विकास की रफ्तार चल रही है उसे बरकरार रखने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाना जरूरी है। मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश और देश के गरीबों को वर्षों तक छला है अब जनता उनके लुभावने वादे में कतई नहीं फंसेगी। देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगा और हजारीबाग में भी प्रचंड मतों से कमल खिलेगा । मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलिप दांगी, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष लोकेश सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता रंजित सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, सर्वेश सिंह, बिपिन गुप्ता, सुरेश चंद्र साहू, खिरोधर साहू, रतन साहू, रवि साहू, आशीष साहू, डिंपल प्रजापति, सुरेश चंद्र साहू, पवन साहू, परमेश्वर महतो, मनोहर गुप्ता, मुकेश कुमार, मुन्नू महतो, सुरन महतो, दिनेश्वर साहू, किरण देवी, राजेन्द्र कुशवाहा, बालगोविंद बेदिया, सूरज बेदिया, सन्नी बेदिया, संतोष पाठक, आजसू नेता लालचंद महतो, बैजनाथ राम, सुरेंद्र महतो, मनोज गोप, रवि कुमार, संजीत गोप, बीरेंद्र गोप, मनोज महतो, ओमप्रकाश पटेल, पिंटू महतो, जगेश्वर महतो, भोला तुरी, खुशीलाल महतो, सुरेंद्र कुमार, कालीचरण महतो, राजेश राणा, मुकेश, शिव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## चरही सीसीएल क्षेत्र के संपूर्ण कोलयारी वृक्षारोपण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** विश्व पृथ्वी दिवस पर पूरे चरही सीसीएल क्षेत्र के संपूर्ण कोलयारी मे वृक्षारोपण करके यह संकल्प लिया गया है कि हम सब पृथ्वी को हरा भरा रखेंगे । इस अवसर पर हजारीबाग क्षेत्र के फजाइयल अहमद उप प्रबन्धक (पर्यावरण), सुनील कुमार प्रशिक्षु (पर्यावरण), मिथिलेश प्रसाद, लीलावती देवी, नीलम सिंह एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के यूनियन प्रतिनिधि राज कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :**केन्द्रीय वर्षाश्रित उपराऊँ भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र ,हजारीबाग के सभागार में दिनांक 23.04.2024 को राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,कटक,उड़ीसा का 79 वाँ स्थापना दिवस सह धान दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह में यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी एवं शिक्षक सामिल हुए । समारोह का उद्घाटन उपस्थित अतिथिओं और केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया । केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ प्रियमेधा ने संस्थान के स्थापना और देश को मुख्य भोजन चावल के उत्पादन सहित भुखमरी की समस्या से निजात दिलाने में इसकी अहम भूमिका के बारे में विस्तृत रूप से बताया । केन्द्र के प्रभारी (कार्यकारी ) डॉ शिव मंगल प्रसाद ने राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,कटक, उड़ीसा जिसका पूर्ववर्ती नाम केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,कटक था और जिसकी स्थापना 23 अप्रैल 1946 को कटक में की गयी थी,के बारे में प्रकाश डाला तथा चावल के अनुसंधान में संस्थान के महत्व को बताया । पूरे भारतवर्ष में लगाये जाने के अनुकूल धान की उन्नत प्रजातियाँ यहाँ से विकसित की जाती है और विश्वविद्यालयों ,संस्थानों,केन्द्रों ,सरकारी संस्थाओं ,किसानों को यहाँ से उनके माँग के अनुरूप विभिन्न श्रेणियों के बीज उपलब्ध कराये जाते हैं । वैज्ञानिक सौम्य साहा ने झारखण्ड के उपराऊँ भूमियों के लिए उपयुक्त धान की प्रजातियों की जानकारी दी । इस मौके पर संस्थान के द्वारा विकसित उन्नत कृषि तकनीकों के विडिओ का परिचालन डॉ जितेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया । कुल 55 विद्यार्थी /शिक्षक/वैज्ञानिक /व्यक्ति सम्मिलित हुए । केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अरुणकुमारा सी जी ने सम - सामयिक प्रश्नों का समाधान किया । कार्यकम का समापन डॉ विभाष चन्द्र वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ।

## मां रुकमणी भवन सभागार में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के मां रुकमणी सभागार भवन में महान देशभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग जिला महासचिव कुलेश्वर साहू एवं संचालन डुभन साव ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साव उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भामा शाह के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भामाशाह की जीवनी को आदर्श मानकर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक साहू हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन साहू हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष, शिवा साहू, धनेश्वर साहू, नरेश साहू, आशीष कुमार साहू, उमेश साहू सहित विभिन्न गांव से दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा में माला अर्पण कर किया श्रद्धा सुमन अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सर्किट हाउस के समीप भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी, बाबू कुंवर सिंह के जयंती के उपलक्ष्य पर समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा में माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । मुन्ना सिंह ने कहा । स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जिन कुछ तिथियों का विशेष महत्व है उसमें एक तिथि वीर कुंवर सिंह की जयन्ती का भी है। 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुन स्वतंत्र किया था इसीलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी इस महायोद्धा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करता रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि वीर कुँवर सिंह शिवपुर घाट से गंगा पार कर रहे थे कि डगलस की सेना ने उन्हें घेर लिया, बीच गंगा में उनकी बाँह में गोली लगी थी। गोली का जहर पूरे शरीर में फैल सकता था। इसे देखते हुए वीर कुँवर सिंह ने अपनी तलवार उठाई और अपना एक हाथ गंगा नदी में काटकर फेंक दिया। अंतिम लड़ाई में भी उनकी जीत हुई लेकिन उसके तीन दिन बाद वीर कुँवर सिंह संसार से हमेशा के लिए विदा हो गए, इसलिए वे आज भी हम सब के प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान श्री मुन्ना सिंह के साथ इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी श्री जेपी भाई पटेल ,अशोक देव, बिनोद सिंह, भगवान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, सीडी सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, विकास सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, शंकर सिंह, राजू सिंह, अनुपम सिन्हा, मनोज कुमार सरोज, गुड्डू सिंह, मनोज सिंह, प्रेम शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, अर्जुन सिंह, शंभु सिंह, बबलू सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, रवि सिंह, टुनटुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, आशीष सिंह, परमानंद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रौशन सिंह, रितेश सिंह, डॉ संजीव सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह, बंटी देव, सुनील सिंह, अशोक सिंह, राम सिंह, अनूप सिन्हा, नन्हे सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 3 वर्षीय सांविक राज मासूम का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कार चालक की लापरवाही से असमय काल कवलित हुए मासूम सांविक का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हुआ। घर में माता-पिता, दादा दादी का रो रो कर बूरा हाल है। बेंदगी गांव के रविदास टोला में शादी विवाह की हंसी खुशी करुण क्रंदन में बदल गई। मासूम सांविक अपनी मां राधिका और बुआ मंजू कुमारी के साथ बरही के बेंदगी गांव के रेवल रविदास के पुत्र सिकंदर रविदास की बारात जो बरकट्ठा जा रही थी को देखने गया था। बारात देखने के क्रम में दुल्हा बने सिकंदर रविदास के कुछ दोस्त टियागो कार से गिरीडीह से आए थे। कार चालक उन्हें बेंदगी में उतारकर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में कार चालक तेजी और लापरवाही से कार चला कर मासूम सांविक, मां राधिका और बुआ मंजू कुमारी को कुचलते हुए निकल गया। मासूम सांविक की मौके पर ही मौत हो गई। मां राधिका और बुआ मंजू कुमारी का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद रेफर कर दिया गया।

## बाबा मेघनाथ में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जरमुने में मंगलवार को बाबा मेघनाथ धाम में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीयरुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ के शुभारंभ को लेकर बाबा मेघनाथ धाम से कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा का शुरुआत यज्ञ मंडप से किया गया। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए संतूरपी की खेडो नदी से कलश में जल भरकर गगनभेदी नारा लगाते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि यह महायज्ञ पूरे पांच दिन तक चलेगा। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से लोगों में ज्ञान संस्कार और परिवार तथा समाज में शांति आती है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से बगोदर प्रमुख आशा राज, विष्णुगढ़ जिला परिषद शेख तैयब, बगोदर जिला परिषद सदस्य दुर्गेश साव, पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, सुधीर सिंह, जलील अंसारी, महेंद्र यादव, हरि यादव, जितेंद्र यादव, भैरव यादव, राजेश यादव, सुधीर सिंह, आशीष बॉर्डर शामिल थे। कलश यात्रा में शामिल अतिथियों को आयोजकों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा परिसर के सामने हजारीबाग में लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सभी हिन्दू क्षेत्रिय संगठनों की एकजूटता के साथ हुआ । इस उद्घाटन समारोह में महंत विजयानंद दास बड़ा अखाड़ा के द्वारा मंत्रोचारण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।श्री हनुमान जन्मोत्सव तथा कार्यालय उद्घाटन के मौके पर शशि भुषण केशरी द्वारा जय श्रीराम के जयकारे के साथ सभी क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों एवं मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाज सेवा , समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, हमारे देश की बहन-बेटियों की सुरक्षा, भर्षटाचार बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एकजुट करना है ना की आज के नेताओ की तरह जो अपनी राजनीति के चलते हम हिन्दू परिवारों को अलग-अलग जातियों में अलग-अलग धर्मो में बाँटकर सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे है । हमारी बहन - बेटियां सुरक्षित नही है ।रोजगार के नाम पर बेरोजगार युवकों का छला जाना ऐसी राजनीति हम समस्त हिन्दू परिवारों के साथ-साथ हमारे धर्म,हमारी संस्कृति और हमारे राष्ट्र को कमजोर बनाने का काम करती है। हम सब हिन्दू परिवार जो असल में एक है लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने हमें अलग कर रखा है । ऐसी ओछी और गंदे मानसिकता वाली राजनीति के बारे मे सोचने की जरूरत है । यही कारण रहा कि अपने दिल में सामाजिक भावना को संजोकर समाज का सेवा करना मैं अपना परम् कर्तव्य और धर्म समझता हूँ । इस मौके पर सभी हिन्दू क्षेत्रीय संगठन, समस्त मिडिया बंधु, प्रदेश, जिला, नगर कमिटी एवं मातृशक्ति उपस्थिति थे ।

## सीडीएस मे 89 वा रैंक हासिल कर शिवम कुमार ने जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन.झारखंड के हजारीबाग जिला उपसचिव सूबेदार अजीत सिंह( सेवानिवृत्ति) के पुत्र ने सी.डी.एस में 89 वा रैंक लाकर सेना में स्थान लिया । इससे पूर्व लगभग 4 महीना पहले शिवम कुमार ने एसएससी मे सलेक्शन हो होकर अभी फिलहाल ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनको एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री ने भी सम्मानित किया था। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन झारखंड के सदस्यों ने उनके परिवार वालो को बधाई और शुभकामनाएं थी । बधाई देने वालों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, प्रदेश सचिव मिथिलेश पांडे, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार , उपकोषाध्यक्ष वासुदेव साहू हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, उपाध्यक्ष रितेश कुमार ,उप सचिव सुरेश दांगी, बरही प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह तथा दर्जनों की संख्या में पूर्व सैनिकों ने सूबेदार अजीत सिंह (सेवानिवृत्ति) को बधाई और शुभकामनाएं दिया साथ ही शिवम कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## जिला तैलिक समाज ने माल्यार्पण कर दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** जिला तैलिक समाज द्वारा मंगलवार को अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में इंद्रलोक टावर में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। मंच संचालन जिला महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष द्वारा दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद समाज।के प्रबुद्ध व गणमान्य लोग भी माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर सोमर साहू ने हल्दी घाटी की उस लड़ाई पर विस्तार से बताकर लोगो को बताया कि किस तरह दानवीर भामाशाह ने अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान में देकर उनकी मदद की और इतिहास के पन्नो में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। उनके जीवनी पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि दानवीर भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ राज्य में वर्तमान पाली जिले के सादड़ी गांव में 23अप्रैल 1547 को ओसवाल में हुआ। उनके पिता का नाम भारमल था जो रणथम्भौर के किलेदार थे। बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमन्त्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में आप सदैव अग्रणी रहे। मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था और दानवीरता के लिए भामाशाह नाम इतिहास में अमर है। महासचिव नारायण ने दानवीर भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हल्दी घाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप के लिए उन्होंने अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि जिससे 25000 सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। प्राप्त सहयोग से महाराणा प्रताप में नया उत्साह उत्पन्न हुआ और उन्होंने पुन~ सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित करा और फिर से मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया। समाज के अन्य लोगो ने भी उनकी जीवनी से प्रेरित होने की बात कही। मौके पर जिला सचिव अशोक साव, जिला युवा महासचिव रामकिशोर सावंत, उपाध्यक्ष रामचंद्र साव, रघुनंदन साव उर्फ बाबू, नारायण साव, महिला अध्यक्ष रेणुका साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## टेरपा में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के टेरपा गांव में सादे समारोह का आयोजन कर दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। इसके पूर्व दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर ग्रामीणों द्वारा फूलमाला पहनाकर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर समाज सेवी हरिदास साव, पुर्व मुखिया प्रत्याशी किरण देवी, जगदीश साव,बालदेव साव,सीता देवी,मानशो देवी,वार्ड सदस्य संध्या देवी,मीरा देवी,ज्योति देवी,गीता देवी,अर्जुन साव,तिलेश साव,राजेन्द्र साव,प्रेमनाथ साव,मनोज साव,सुमित यादव,मनीष मुंडा,भोला साव,धनिक लाल साव,शान्ती देवी,विकास कुमार,बसंत साहू और सुखदेव कुमार यादि उपस्थित थे।



## एसएसवीएम पतरातु में मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार में हनुमान जयंती और बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। इसमें विद्यालय के भैया-बहनों के द्वारा वीर हनुमान की कथाओं पर एवं बाबु वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यालय के आचार्य व दीदी जी के द्वारा वीर कुंवर सिंह के विजय उत्सव पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र पांडे के द्वारा 23 अप्रैल को विजय दिवस क्यों मनाते हैं इस पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए और वीर कुंवर सिंह की अदम साहस तथा वीरता का बखान किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी भैया बहन उपस्थित रहे।

## भामाशाह जयंती के अवसर पर भामाशाह फाउंडेशन ने बिटिया की शादी में किया सहयोग

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के वार्ड नंबर 3 स्थित सौदागर मोहल्ला के विजय रजक की पुत्री की शादी के अवसर पर भामाशाह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित साहू ने बिटिया की शादी में सहयोग करते हुए गोदरेज, ड्रेसिंग टेबल, डाइनिंग टेबल, कुर्सी, साड़ी बर्तन समेत अनेकों प्रकार के शादी में लगने वाले सामग्री का सहयोग करते हुए भामाशाह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि आज भामाशाह जयंती के पावन अवसर पर बिटिया के शादी में सहयोग कर एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति हो रही है और भामाशाह फाउंडेशन का यह कारवां निरंतरण सामाजिक कार्यों में लगातार आगे की ओर यूं ही बढ़ता रहेगा। और समाज के अंतिम जरूरतमंद लोगों के पास जाकर सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर विनोद जायसवाल विजय रजक रेखा देवी समेत अनेकों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।



## सैनिक हॉस्पिटल रामगढ़ मे बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैनिक अस्पताल रामगढ़ में कमान अधिकारी कोलोनेल विवेक उपाध्याय एवं प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट कर्नल जीना की देखरेख में के केंद्रीय विद्यालय विद्यालय एवं आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के छात्रों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । इसमें छात्र-छात्राओं को सीपीआर देने में निपुण बनाया जा रहा है जिससे वह समझ में किसी की जान बचाने में अपना सहयोग दे सके । यह आयोजन दिनांक 22.04.24 से 03.05.24 तक चलेगा। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित व्यसवाई एवम समाज सेवी , मानिक चंद जैन ,अंकित जैन एवम राहुल जैन के तरफ से बच्चों के लिए अलापहार का व्यस्था किया गया । इस नैतिक कार्य के लिए सैनिक हॉस्पिटल रामगढ़ ने सराहना की ।



## रामगढ़ में 15 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगामी निर्वाचन-2024 का स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान अपराधकर्मियों एवं फिरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार के द्वारा सत्त रूप से चलाये जा रहे छापामारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ थाना कांड संख्या-188/09, 289/09, 302/09, 321/09 एवं 333/12 में 15 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो पिता राजु सोनकर ,जारा बस्ती रामगढ़ चोरी छिपे बोकारो जिला के जरीडीह थाना अन्तर्गत जैनामोड़ में रहकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के फिराक में है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी अजय कुमार साहु, रामगढ़ थाना के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा जरीडीह पुलिस, जिला-बोकारो के सहयोग से 15 वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो के पते पर छापामारी कर उक्त अभियुक्त को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उक्त अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय से इनके विरूद्ध रामगढ़ थाना के विभिन्न काण्डों में लाल वारंट एवं कुर्की अधिपत्र निर्गत किया जा चुका है। इनकी गिरफ्तारी से रामगढ़ थाना के तीन लंबित (लाल वारंट) एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है।

## शहीद जीतराम बेदिया की 166वां शहादत दिवस धूमधाम से मनाई गई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा क्षेत्र के ग्राम टोंगी जी एम औफिस डाडी प्रखंड में शहीद जीतराम बेदिया की 166वां शहादत दिवस धूमधाम से मनाई गई। शहीद जीतराम बेदिया के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। साथ ही स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया अमर रहे के नारे उपस्थित लोगों ने लगाया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश बेदिया अरूण कुमार बेदिया बंशी बेदिया संदीप बेदिया अर्जुन राम डब्लू कुमार रवि नन्हकू पप्पू कुन्ती देवी शिवानी ज्योति आदि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।



## हरि कीर्तन होने से पूरा गांव भक्ति भाव में लीन हो जाता है : ममता देवी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के पुरबडीह में चल रहे पांच दिवसीय हरिकीर्तन में बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी । साथ ही राधा कृष्णा मंदिर और मां दुर्गा जी के मंदिर में माथा टेक कर भगवान श्री कृष्ण और माता राधा रानी और मां दुर्गा जी से आर्शीवाद प्राप्त की क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। हरि कीर्तन में शामिल होने पर कमिटी के द्वारा पूर्व विधायक ममता देवी का माला पहनाकार स्वागत किया गया। मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राधा बिनोद प्रजापति, सचिव शंकर राम, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार, नीलकमल महथा, दीप नारायण महतो, महावीर महतो, सुरेश राम, शंभू महतो, पिंटू महतो, अनूप,दीपक,कपिल,श्रीकांत, सत्रजित, आशीष, गौरी शंकर महतो, संतोष महतो सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्त उपस्थित थे।

## रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी ने नवदंपति जोड़ियां को दिया आशीर्वाद

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी ने विधानसभा क्षेत्र के कई दर्जन गांव में शादी समारोह एवं वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुई और नए दांपत्य जोड़ियां को दिया आशीर्वाद, एवं उनके सुखमय जीवन व्यतीत करने की कामना की , इन दोनों शादी विवाह कार्यक्रम का सुंदर शुभ मुहूर्त और लगन को देखते हुए, रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और जुगल जोड़ियां को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी इस मौके पर कांग्रेस के नेता गौरी शंकर महतो हीरालाल महतो दिगंबर गुप्ता कमलेश महतो प्रदीप महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# उपायुक्त द्वारा एक अपराधी को किया गया जिला बदर, तीन अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।अपराध कर्मी दीपक करमाली उर्फ नेपाली (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी सुनील राम उर्फ सुनील मोची (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी मोनू सोनी (पतरातू प्रखंड) को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी निशांत सिंह स्टीम कॉलोनी, पतरातू के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अभियुक्त को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है।अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## पारिवारिक कारणों से परेशान होकर मेघू महतो ने की आत्महत्या

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ़ :** शहर के पारसोतिया में मंगलवार की अहले सुबह एक व्यक्ति की आत्महत्या कर लेने की बात सामने आई। इस बात की सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ थाना पुलिस शहर के पारसोतिया पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार शहर के पारसोतिया का रहने वाला लगभग 65 वर्षीय व्यक्ति मेघू महतो पारिवारिक विवादों के कारण काफी परेशान था। पारिवारिक परेशानियों से वह अपने आप को संभाल नहीं पाया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि घरवालों ने ऐसी बातों से इनकार किया है।

## झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के उपनिदेशक विद्यालय के किया जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** राज्य सरकार द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मूलभूत सुविधा प्रदान किए जाने को लेकर लाखों करोड़ों रुपए खर्च की जा रही है। ताकि बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सके। शिक्षा विभाग के अधिकारी व कुर्मी की लापरवाही के कारण जिला में कई ऐसे विद्यालय हैं। जिसमे पढ़ने वाले छोटे बच्चे आज भी अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। राज्य सरकार के झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के उपनिदेशक महीप सिंह, पारुमिता मजूमदार, मनीष अपने दल बल के साथ मंगलवार को राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय बरकाकाना पहुंच कर विद्यालय से संबंधित सभी पहलुओं पर घंटो गहन जांच की गई। जांच के दौरान कई तरह की खामियां प्रकाश में आया। जिसे लेकर उपनिदेशक द्वारा विद्यालय के प्रधान अध्यापक व शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिया गया। जांच के दौरान विद्यालय के पिछले भाग में चारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय के आसपास बने दुकानदार व उनके कर्मियों द्वारा विद्यालय के शौचालय व बच्चों को पीने वाले पानी का उपयोग किए जाने से विद्यालय के शौचालय की स्थिति बद से बदतर हो गई है।जानकारों का मन तो विद्यालय की चारदीवारी व अन्य कामों को पूरा किए जाने को लेकर 59 लाख रुपया आवंटित की गई थी। संवेदक द्वारा समय अवधि खत्म होने के बाद भी विद्यालय के चार दिवारी का निर्माण नहीं हो पाया है। इसकी जानकारी उपनिदेशक को होते ही उन्होंने कनीय अभियंता व संवेदक को सभी दस्तावेजों को लेकर कार्यालय आने की बात कही गई है। इसके साथ ही उपनिदेशक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयन्ती का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को नईसराय में वीर कुंवर सिंह चौक पर उनकी जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़, के छात्र-छात्राओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। कक्षा आठवीं के छात्रों ने उनके व्यक्तिगत जीवन से संबंधित तथ्यों पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कुछ तिथियों का विशेष महत्व है उसमें से एक तिथि 23 अप्रैल है। सन 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुनः स्वतंत्र किया था। इसलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है।मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने बच्चों को वीर कुंवर सिंह के जीवन से शिक्षा लेने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मनोरंजन चौधरी, विक्रम सिंह, उषा सिंह, प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




## रामगढ संकट मोचन हनुमान मंदिर के 52वां जन्मोत्सव मनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना चौक संकट मोचन हनुमान मंदिर के 52वा महोत्सव के अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल अपने सपरिवार पत्नी रानी प्रियंका, पुत्री आराध्या, पुत्र अभिराज संग रामगढ़ थाना चौक संकट मोचन मंदिर में मुख्य पुजारी धीरज प्रसार के द्वारा पूजा अर्चना कर छेत्र की जनता की खुशहाली की कामना कि ओर साथ ही कहा कि वीर बजरंग बली की पूजा अर्चना करने से सभी संकट दुख दूर हो जाते है ओर सच्चे मन से मनोकामना करने पर पूर्ण करते हैं द्य मौके पर संकट मोचन के मुख्य पुजारी धीरज प्रसार ने कहा की कई वर्षो के बाद ये शुभ दिन आती है सभी सनातन धर्म प्रेमियों को पूजा अर्चना करनी चाहिए ओर सभी लोगों को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करनी चाहिए ओर अपने बच्चों की भी मंदिर ले जाकर पूजा अर्चना करवानी चाहिए जिनसे उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ती है ।



## सयाल मे स्वतंत्रा सेनानी वीर कुवर सिंह का विजयोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के जमुरीया बाजार स्थित कैप्टन होटल के समीप मंगलवाल को भारतीय स्वतंत्रा सेनानी बाबू वीर कुवर सिंह का विजयोत्सव मनाया गया। वही सर्वप्रथम सयाल के सभी समाजसेवीयो व प्रबुद्धजनो ने उनके चित्र पर पुष्प चढाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसदौरान सभी बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहे का नारा लगाए। वहीं समाजसेवी बिरेन्द्र पासवान ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह सन् 1857 ई. के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। वे हमेशा अन्याय विरोधी रहे। बाबू वीर कुंवर सिंह कुशल सेना के नायक भी थे। उन्हें 80 वर्ष के उम्र में लड़ने व विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है।हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं इस मौके पर कमलेश सिंह,अर्जुन सिंह, अनूप कुमार पिन्टू सिंह, संजय शर्मा, बुल्लू सिन्हा,बिनोद कुमार, संजय श्रीवास्तव,जयंत सिंह, अजय प्रसाद, बुचुन सेठ, अजित सिंह, रवि सिंह, अमित सिन्हा, जसीम अंसारी, बिरजू रजक, रामकृपाल, छोटू खान, आफताब, रोशन, गौतम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## दुलमी प्रखंड अंतर्गत गोडातु गांव में सरहुल महापर्व महोत्सव पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत गोडातु गांव में मंगलवार को सरहुल महापर्व महोत्सव पूजा बडे ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। मंगलवार को सरहुल आस्थल पर गांव के पहान द्वारा मंगलवार को सरना में पुजा आर्चन के साथ में सरना में पहान सखुआ के पेड़ जगल और पाहाड परवत , जल को पुजते है जल लेकर चढ़ाया जाता है पहान पुरे गांव में सुख समृद्धि बना रहे की कमना करते हैं गांव के सभी माता बहन सरना स्थल पर एक साथ सरना स्थल पर एक साथ गीत नित्य करते है ।नगेड़ा ढोल गाजे बाजे के साथ झूमते नाचते गाते सरना स्थल में गाते नाचतेआतीम किया जाता है एवं गांव के सभी माता बहन सभी आयोजन समिति उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राजेश पहान,लोहासिँह मुंडा भुनेश्वर बेदिया, रुपलाल पहान, जीतू पहान सभी अतिथि मौजूद थे। साथ ही बालेश्वर पहान, पुनम पहान, तिरवीनी , पहान, लाला करमाली, मेहन्द्र मुंडा , सुनिल मुंडा , चंदकिशोर मुंडा किसोर, नदकिसोर.मुंडा दिपु गंझु गुलटेन मुंडा, संदीप गंझू, राजेश मुंडा, पंकज मुंडा एवं सभी ग्राम वाशी मौजूद थे।

# पाकुड़ ने रामगढ़ को 7 विकेट से हराया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 2. सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ ड्डह्य पाकुड़ के बीच खेला गया पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में रामगढ़ 35 ओवर मे 197/10 विकेट खोकर रन बनाए। जिसमें देवेश गोयल 53 रन बनाये अंतरिक्ष कुमार 41 रन, हर्षित कुमार 40 रन बनाएं। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7 ओवर 27 रन 3 विकेट, चिंटू सिंह 4 ओवर 6/3 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 34.3 ओवर में 198/3 विकेट के नुकसान पर बना कर आज का मैच जीता ! इनके मुख्य बल्लेबाज सोबर शेख 88 रन बनाएं, एवम अर्जुन गोशवामी 50 रन बनाएं, पाकुड़ 7 विकेट से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर द्रस्र उज़ैर तथा अजमल हुसैन थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद मुस्तफा आजाद रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी सोबर शेख पाकुड़ को भेंट किया।

## बैंक ऑफ़ इंडिया पतरातू में चोरी का प्रयास करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** जिला के पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में पिछले 15 अप्रैल की रात को चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया। चोरों ने बैंक के खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया थाद्य इस संबंध में पतरातू थाना में एक प्राथमिक की दर्ज की गई थी। इस सूचना पर जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम का गठन किया गया था। एसपी द्वारा गठित टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे को खँगाल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलायाद्य पुलिस ने छापामारी अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति वीरेंद्र साहू पिता रघुनाथ साहू थाना पतरातू जिला रामगढ़ ने उक्त घटना में अ प नी संलिपिता को स्वीकार कर लि या ा द्य पुलिस ने बताए गए निशान देही पर बैंक में प्रयुक्त किए गए लोहे का सबल को बरामद कर लिया। गिरफ्तार वीरेंद्र साहू को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वीरेंद्र साहू को गिरफ्तार करने में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता,शिव कच्छप, प्रदीप रजक एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## रामगढ़ विधायक ने वैवाहिक समारोह में शामिल होकर शादी में आशीर्वाद दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी दर्जनो वैवाहिक शादी कार्यक्रम में शामिल होकर दर्जनों जुगल जोड़ियां को आशीर्वाद देते हुए पारिवारिक जीवन सुखमय हो, जिसे आशीर्वाद दिया और शादी समारोह की शुभकामनाएं दी इस मौके पर रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला निवासी तुलसीदास की सुपुत्री प्रिया पटेल एवं धनंजय महतो के शादी समारोह में शामिल होकर आशीर्वाद दिया एवं सुखमय नव जीवन व्यतीत करने की ढेर सारे बधाई दिया वैवाहिक समारोह कार्यक्रम का इन शुभ लग्न का मुहूर्त होने के कारण अपने विधानसभा के कई दर्जनों पंचायत में पहुंच कर नव दंपति जोड़ी के समझ में उपस्थित होकर शुभ आशीर्वाद दिया इस मौके पर आजसू पार्टी मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, मुखिया किसुन राम मुंडा उप मुखिया मोहरा महतो पूर्व पार्षद शोभा देवी अधिवक्ता सतीश महतो रूपेश सिंह, हीरालाल महतो,सुनील केसरी, दिवाकर गुप्ता, शिव शंकर महतो प्रदीप नायक महेंद्र नायक विनोद करमाली शैलेंद्र महतो विक्रम महतो, सीता देवी गीता देवी, प्रियंका पटेल, प्रीति पटेल, सहित दर्जन गणमान्य लोग शामिल हुए।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों /एजेंसियों/ संवेदकों से "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है। **i) बिड संख्या एवं दिनांक :** GeM Bid No. GEM/2024/B/4871677, **दिनांक** 19/04/2024 **ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद डिविजन के कोचिंग डिपो धनबाद, गोमोह, बरकाकाना और चोपन में 3 वर्षो के लिए अपर गियर में यात्री सुविधा का काम, एलएचबी कोचों में न्यूमेटिक/ इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग सिस्टम का अनुरक्षण और एसी कोचों में पर्दो का फिटमेंट/प्रतिस्थापन। कार्य समापन अवधि – 03 वर्ष। **iii) कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 10,76,97,977.25 (दस करोड़ छिहत्तर लाख सनतानबे हजार नौ सौ सतहत्तर रूपये एवं पचीस पैसे) मात्र। **iv) बयाना राशिः** ₹ 6,88,500.00 (छः लाख अठासी हजार पांच सौ रूपये) मात्र। **v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** तारीख 10.05.2024 को 16:00 बजे, **ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** तारीख 10.05.2024 को 16:30 बजे। **vi) प्री-बिड मीटिंग दिनांक एवं समय :** 25.04.2024, 11.00 बजे, **प्री-बिड मीटिंग स्थान :** वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)/धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद **vii)** वेबसाईट विवरण : https://gem.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/धनबाद

पीआर/0126/डीएचएन/यांत्रिक/टी/24-25/44



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्याः** ईएल/01/खुली/2024-25 **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** धनबाद मंडलः धनबाद मंडल (05 संख्या) के अंतर्गत तीन साल के लिए विभिन्न मॉडल और क्षमता के 'ग्रीव्स' मेक के डीजी सेटों का व्यापक अनुरक्षण अनुबंध। (कार्य समापन अवधिः छतीस माह) **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 67,52,340.00 **(3) बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,35,000.00, **ई-निविदा संख्याः** ईएल/02/खुली/2024-25 **(4) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** (अ) चोपन में (टाइप-III-20 और टाइप-II-20 यूनिट) स्टाफ क्वार्टरों के प्रतिस्थापन के प्रावधान से संबंधित वैद्युतिक कार्य (ब) धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कर्मचारी क्वार्टरों की रिवायरिंग (कार्य समापन अवधिः नौ माह) **(5) कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 1,43,23,839.67 **(6) बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,21,600.00, **ई-निविदा संख्याः** ईएल/03/खुली/2024-25 **(7) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** धनबाद कोचिंग डिपो में मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री की स्थापना के लिए मौजूदा कमरों के सुधार से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधिः नौ माह) **(8) कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 16,81,412.91 **(9) बिड सिक्युरिटी :** रू. 33,600.00, **ई-निविदा संख्याः** ईएल/04/खुली/2024-25 **(10) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** (I) धनबाद मंडलः धनबाद मंडल में तीन वर्ष के लिए विभिन्न प्रकार और क्षमताओं के ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए वार्षिक अनुबंध (II) धनबाद मंडल के विभिन्न पावर सबस्टेशनों में 33/11 केवी पावर ट्रांसफार्मर का ट्रांसफार्मर तेल निस्पंदन। (कार्य समापन अवधिः छतीस माह) **(11) कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 72,76,071.31 **(12) बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,45,500.00 **(13) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई-निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 16.05.2024 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 16.05.2024 को 11:30 बजे के बाद। **(14) वेबसाईट का विवरणः** वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** ई-निविदा के तहत मैनयुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/00128/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24-25/56

## चिकित्सा विभाग की बड़ी लापरवाही, बंध्याकरण के बावजूद भी महिला हो गई गर्भवती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम टाटो निवासी सुमन कुमारी फिर से माँ बनने वाली है परन्तु उन्हें खुशी कम तनाव अधिक है, जिसका कारण है पिछले वर्ष 17 जनवरी को उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में बंध्याकरण का ऑपरेशन करवाई थी, जिसके बाद भी वह गर्भवती हो गई। पहले से उन्हें तीन संतान है, जिसके बाद उन्होंने बंध्याकरण कर पारिवारिक बोझ कम करने का निर्णय लिया था परन्तु अब गर्भ में पल रहे सन्तान से पूरे परिवार में तनाव बना हुआ है। उन्होंने बताया पिछले 17 जनवरी को अपने पति के साथ समुदयोक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में बंध्याकरण के लिए पहुंची जहां डॉक्टरों ने विभिन्न तरह के जाँच किया जिसके बाद बंध्याकरण की अनुमति दिया। डॉक्टरों की टीम ने बंध्याकरण ऑपरेशन किया।

ऑपरेशन के एक माह बाद नियमित समय से मासिक धर्म नही हुआ जिसके बाद अन्य महिलाओं जिन्होंने पूर्व में बंध्याकरण कराया था पूछा तो उन्होंने कहा कभी-कभी ऐसा होता है चिंता करने की आवश्यकता नही है। अगले दो महीने बाद भी नियमित मासिक धर्म नही हुआ एवं उल्टियां आने लगी जिसके बाद वह परेशान हो गई। सोमवार को इसकी जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी आई जहां जांच किया तो डॉक्टरों ने गर्भवती होने की पुष्टि की। यह खबर सुनते ही वह बिलख-बिलखकर रोने लगी। उन्होंने बताया पहले से उन्हें काफी परेशानी थी और अब उसकी परेशानी बढ़ गई। घर में उनकी देखभाल के लिए सास के अलावा और कोई नही है। बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद उनके पति भी दिल्ली चले गए हैं।

सूत्र बताते हैं कि इस तरह की यह पहली घटना नही है पूर्व में भी कई मामला सामने आया था परन्तु अस्पताल प्रबंधन उसे समझा-बुझाकर मामला को छुपा लिया।

**क्या कहते हैं डॉक्टर :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शेख मोहम्मद ताजुद्दीन ने कहा कि यदि इस तरह का मामला है तो महिला को मुझसे मिलनी थी ऑपरेशन में यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो अल्ट्रासाउंड से जानकारी मिल सकती है। महिला को गिरिडीह सदर अस्पताल अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा जाएगा। यदि ऑपरेशन में गड़बड़ी हुई है तो सम्बंधित डॉक्टर इसके लिए जिम्मेवार होंगे।

### टाटा के लापरवाही के कारण जीतपुर कोलियरी में पानी घुसा, 800 ठेका मजदूर एवं 150 कर्मचारी की नौकरी खतरे में

# डीजीएमएस करे कार्रवाई : सचिन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी के एकमात्र भूमिगत खदान में पानी का रिसाव होने कि घटना को लेकर मंगलवार को डीजीएमएस कि टीम ने खदान का निरीक्षण किया। खदान के चाल से पिछले चार दिनों से जल का रिसाव हो रही थी। अधिकारी जल रिसाव कि मामले को मामूली रिसाव मान कर हल्के में ले रहे थे। खदान में पहले कभी पानी का रिसाव नहीं होता था। अचानक जल रिसाव होने के मामले को यूनियन नेताओं ने गंभीरता से ले प्रबंधन पर सुरक्षात्मक कदम उठाने को दबाव बनाया। उप महाप्रबंधक मनीष कुमार ने सोमवार को दिन में यूनियन नेताओं से वार्ता कर सहयोग कि अपील किया। इस बीच कल शाम को पानी का रिसाव कि मात्रा बढ़ने कि सूचना से अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे। आननफानन में अधिकारियों ने खदान में कार्य कर रहे कंपनी एवं ठेका कर्मियों को खदान से बाहर निकाला गया। एहतियात के तौर पर सुरक्षा के ख्याल से मंगलवार को कर्मियों को खदान में उत्पादन कार्य में नहीं जाने दिया गया। खदान में आज उत्पादन कार्य नहीं होने से तीन सौ टन कोयले कि उत्पादन प्रभावित हुई है। मेनटेनेंस कार्य को कुछ कर्मी आज खदान में भेजे गए।





मालूम हो कि जल रिसाव के मामले कि सूचना मिलने पर सुबह डीजीएमएस के निदेशक एमके साहू ने अपने टीम के साथ कोलियरी आकर कोलियरी के खदान का नक्शा देख जल रिसाव के कारणों कि प्रबंधन के साथ तीन घंटे तक बैठक कर समीक्षा किया। बैठक के बाद डीजीएमएस के अधिकारी जीएम बादल मंडल, डीजीएम मनीष कुमार, सुरक्षा अधिकारी बागची के साथ खदान में जाकर टाटा कोलियरी के 6/7 नंबर के बंद खदान के बैरियर के समीप तथा जल रिसाव स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। सूत्रों कि माने तो जीतपुर के अधिकारियों ने टाटा कि बंद खदान में पंपिंग कार्य के बंद होने से उसमें जल जमाव होने से जीतपुर कि खदान में जल रिसाव होने कि आशंका जता रहे है। डीजीएमएस के अधिकारी मामले में बिन्दुवार जांच कर रही है। डीजीएमएस कि टीम ने कोलियरी में लगभग छह घंटे तक रुककर मामले कि जांच किया है। प्रबंधन सहित डीजीएमएस के अधिकारियों ने मामले कि भयावह स्थिति को देखते हुए कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है।

संयुक्त मोर्चा के सचिव ने कहा की टाटा कम्पनी ने पम्पिंग करना बंद कर दिया है जिसके कारण 800 ठेका मजदूर एवं 150 एम्पलाई की नौकरी खतरे में अगर पम्पिंग करना बंद नहीं करता तो आज यह नौबत नहीं आती मै डीजीएमएस के अधिकारी से आग्रह करता हूँ के वो जल्द से जल्द फिर से पम्पिंग चालू करें।

## नाबालिक को भगा ले जाने के आरोप में तिसरी पुलिस दो आरोपी को किया गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शादी का प्रलोभन देकर दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने के मुख्य आरोपी आफताब अंसारी समेत दो आरोपी को तिसरी थाना पुलिस ने

गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जबकि नाबालिग को धारा 144 के बयान के लिए गिरिडीह कोर्ट भेजा गया है। तिसरी थाना पुलिस ने तकनीकी सहारा लेकर अपहरण की गई नाबालिग को गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल के कोलकाता से बरामद किया। इस दौरान कोलकाता पुलिस के सहयोग से नाबालिग के अपहरण के आरोपी आफताब अंसारी को भी कोलकाता से गिरफ्तार किया गया। साथ ही आफताब का सहयोग करने के आरोप में तिसरी पुलिस ने उसके साथी निशार अंसारी को भी उसके घर से दबोचने में सफल रही।

बताया जाता है कि आफताब का सहयोग उसके दो साथी ने किया था, जिसमे एक तिसरी के पपीलो गांव निवासी निशार अंसारी के अलावे गांवा के एक और आरोपी एजाज अंसारी शामिल है। जिसने दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने में मदद किया था। इस दौरान नाबालिग के पिता ने तिसरी थाना में लिखित आवेदन दिया, जिसके बाद तिसरी पुलिस संज्ञान में लेते हुवे आफताब अंसारी को गिरफ्तार करने के साथ ही नाबालिग को बरामद किया।

## प्रवासी मजदूर की ट्रेन से हुई मौत, पीड़ित परिवार से मिले विनोद कुमार सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** शनिवार को ट्रेन हादसे में मृत प्रवासी मजदूर गुलाम मुस्तफा के परिजनों से मिलने के लिए बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह मंगलवार को पेशम पहुंचे। आपको बता दें कि ग्राम पेशम निवासी 40 वर्षीय गुलाम मुस्तफा पिता रजौली मियाँ की चलती ट्रेन से कूद जाने से मौत हो गई थी। प्रवासी मजदूर गुलाम मुस्तफा मुंबई में दैनिक मजदूरी कर किसी प्रकार अपने परिवार का गुजर बसर करता था। इस बीच बगोदर विधायक सह कोडरमा लोकसभा से इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह पीड़ित परिवार एवं बच्चों से मिल दुःख प्रकट करते हुए परिवार को ढाढ़स बँधाया। विधायक सिंह ने बताया की परिवार को तत्काल सहायता राशि 50000/- (पचास हजार) रुपए एवं प्रवासी मजदूर को मिलने वाली 1,00,000/-(एक लाख) रुपए तथा रेलवे से 4,00,000/- (चार लाख) रुपए मुआवजा जो की कुछ कागजी प्रक्रिया से गुजरने के बाद संभव है मिलेगा। बच्चों को भी कल्याण विभाग के द्वारा पढाई लिखाई के लिए आर्थिक मदद दिलाई जाएगी साथ ही हर संभव मदद का प्रयास किया जाएगा।



## दिल्ली पब्लिक स्कूल में नन्हें छात्रों ने धरा अलग-अलग वेश, समझाया ग्लोबल वार्मिंग का खतरा





**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जलवायु परिवर्तन के कारण होते नुकसान के बीच पृथ्वी दिवस को इस बार भी कई प्रेरित करने वाले संदेश के साथ मनाया गया। लेकिन गिरिडीह के दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम के दौरान छात्रों की टोली ने वेशभूषा धारण किया। उसका सीधा मतलब लोगों से पृथ्वी को सुरक्षित करने का था। स्कूल के चैयरमेन ऋषि सलूजा और प्राचार्य सोनी तिवारी के नेत्तृव में छात्रों की टोली में कोई पौधा बना, तो किसी ने पृथ्वी का ही रुप धरा था। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने कई प्रतियोगिता आयोजित किया। जिसमें स्पीच, पोस्टर, स्लोगन समेत अन्य प्रतियोगिता शामिल था। मौके पर छात्रों ने स्पीच के जरिए ही लोगों को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही कई परेशानी से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो रहे नुकसान को नर्सरी के छात्रों ने पोस्टर के जरिए ही बखूबी समझाया। नर्सरी के छात्रों की प्रतिभा देखकर स्कूल के चैयरमेन और प्राचार्य ने जमकर सराहना की। और कहा कि पृथ्वी वर्तमान समय कई परेशानियों से गुजर रहा है। जिसे सुरक्षित करने की जिम्मेवारी सबों पर है। छात्रों की टोली ने इस दौरान स्कूल परिसर में कई पौधे भी लगाएं। और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## क्रीड़ा भारती द्वारा जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष में क्रीड़ा भारती द्वारा गोल्ड फिटनेस जिम मे जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे जिले के अलग अलग जिम से 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की सुरवात भगवान बजरंगबली को पुष्प अर्पित कर किया गया फिर क्रीड़ा भारती गीत खेल खिलाड़ी खेल सभी ने सामूहिक रूप में गाया। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तरवे ने बताया कि इस अवसर पर क्रीडा भारती गिरिडीह द्वारा कुछ ना कुछ प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है इसके नियमित ही आज इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला मंत्री अमित स्वर्णकार ने कहा कि क्रीड़ा भारती का उद्देश ही भारत के सभी नागरिक को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है जिसके निमित आज बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को जूनियर आयु वर्ग के दो वेट कटेगरी में कराया गया जिसमे अंडर 60 किलोग्राम में प्रथम सुजल कुमार, सेकंड अमित चंद्रवंशी, सत्यम सिंह,और ओवर 60 किलोग्राम में प्रथम सौरभ कुमार द्वितीय अभय गुप्ता और तृतीय ज्ञानेन्द्र कुमार रहे।

## 5 वर्षीय बच्चा गड्ढा में गिरने से हुई मौत, परिजनों का रोकर बुरा हाल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला अंतर्गत डुमरी थाना क्षेत्र के डुमरी प्रखंड निवासी 6 वर्षीय बच्चा की मौत एक गड्ढे में अचानक गिरने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह में कराया गया, बताया गया कि मृतक शिवम महतो का पुत्र रवि कुमार है, घर के बगल में एक मिठाई दुकान है। उसके पीछे गोदाम है। गोदाम संचालक के द्वारा पानी सूखने के लिए करीब 10 फीट का गड्ढा करवाया गया है। उसी गड्ढे में बच्चा अचानक गिर गया और मौके पर ही उस बच्चे की मौत हो गई। हालांकि बच्चा गड्ढा में कैसे गिरा इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। परिजन बहुत देर तक बच्चा को खोजा जब वापस घर नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की आसपास खोजबीन के क्रम में गड्ढे में बच्चे का गिरने का शक हुआ। झगड़ के सहारे से देखा गया तब बच्चों का शव गड्ढा में था। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया वही बच्चे के माता-पिता और उसके अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ था और इधर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

## गिरिडीह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

### मंदिरों में हुई श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना, भंडारे का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** भगवान श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य रूप से वीर बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। इस क्रम में शहर के बड़ा चौक स्थित श्रीराम जानकी महाबीर मंदिर, कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर, टावर चौक स्थित शिव महावीर मंदिर व हनुमान मंदिर, कोल्डीहा स्थित संकट मोचन मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में अहले सुबह से ही अनुष्ठान शुरू हो गया था। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और श्रद्धा भाव से बजरंगबली की पूजा अर्चना की। इस दौरान बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर, कुटिया मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर पूजा अर्चना के साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कई मंदिरों में विश्वहिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी अनूप यादव, गुड्डु यादव, शिवपूजन कुमार, शक्ति साहा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा अनुष्ठान कराया गया। इधर शहर के कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर में श्री महावीर कुटिया सेवा समिति के द्वारा अनुष्ठान के साथ ही संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।




जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए सुनील केडिया के साथ सुंदरकांड पाठ किया। वहीं दोपहर को बालाजी महाराज की रसोई का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजेश जालान, नीलकमल भारतिया, रोहित जालान सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## 20 मई को कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव व 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मतदान है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् मंगलवार को गिरिडीह नगर निगम के द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत शहर के सर्कस मैदान में योद्धा एकाडेमी द्वारा आर्मी की तैयारी कर रहे युवक-युवतियों के बीच लोकतंत्र के महत्व को बताया गया। इस दौरान उपस्थित युवक-युवतियों के बीच टी-शर्ट एवं टोपी का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित अशोक कुमार हांसदा, सहायक नगर आयुक्त ने उपस्थित युवक-युवतियों को मतदान हेतु शपथ दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। कहा कि हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र के निर्माण व विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। आनंद राज नगर प्रबंधक ने कहा कि मतदान की प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमें स्वयं और अन्य को भी जागरूक करना है। कहा कि मजबुत लोकतंत्र ही मजबुत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है इसलिए हम सभी को मतदान की तिथि को मत का प्रयोग अवश्य करना है। राज ने सभी युवक-युवतियों से जिला प्रशासन द्वारा आगामी गुरूवार को आयोजित रन फॉर वोट कार्यक्रम में अवश्य भाग लेने के लिए अपील किया। ऐसे मतदाताओं को एंड्रायट फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड कर मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त करने की बात कही गयी।इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

### औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 23 अप्रैल 2024 को प्रातः काल में आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

## यात्रियों के लिए उपलब्ध है इकोनॉमी मील किफायती भोजन की सुविधा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों को किफायती दर पर भोजन (इकोनॉमी मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। आसान पहुंच सुनिष्चित करने के लिए ये भोजन प्लेटफार्मों पर सामान्य श्रेणी के कोचों के निकट स्थित काउंटरों पर उपलब्ध कराया गया है ताकि यात्रियों को यह सुविधा बिना किसी परेषानी के आसानी से उपलब्ध हो सके। विदित हो कि देष भर के 100 रेलवे स्टेषनों पर लगभग 150 इकोनॉमी मील काउंटर उपलब्ध है। पिछले वर्ष लगभग 51 स्टेषनों पर इस सेवा की शुरूआत की गयी थी जिसमें विस्तार किया गया है। निकट भविष्य में और अधिक स्टेषनों को शामिल करते हुए इस पहल को और आगे बढ़ाने की योजना है। इकोनॉमी मील (किफायती भोजन) की सुविधा पूर्व मध्य रेल के 20 प्रमुख स्टेषनों पर उपलब्ध करायी गयी है तथा आवष्यकतानुसार अन्य प्रमुख स्टेषनों पर भी यह सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।




भारतीय रेल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेषन (आई.आर.सी.टी.सी.) के साथ मिलकर यात्रियों, विषेषकर अनारक्षित कोचों में यात्रियों की सेवा के लिए एक नई पहल के साथ कदम बढ़ा रही है जिसमें किफायती दर पर 20 रूपए में इकोनॉमी मील (किफायती भोजन) तथा 50 रूपए में स्नैक्स मील (कॉम्बो भोजन) उपलब्ध कराया जा रहा है।

## गलती से भी कोई गलती नहीं हो, आरओ हैंडबुक मैनुअल के अनुसार करें कार्य : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) रिटर्निंग ऑफीसर (आरो) हैंडबुक मैनुअल के अनुसार कार्य करें, जिससे चुनाव में गलती से भी कोई गलती होने की गुंजाइश नहीं रहे। ईवीएम की कमिश्निंग समय पर पूरी करे। उपरोक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कृषि बाजार समिति, धनबाद पॉलिटेक्निक एवं निरसा पॉलिटेक्निक से मतदान सामग्री डिस्पैच की जाएगी। जबकि मतदान संपन्न होने के बाद सभी सामग्री कृषि बाजार समिति में निर्मित स्ट्रांग रूम में रिसीव की जाएगी। इसलिए सभी संबंधित एआरओ एक बार कृषि बाजार समिति का भ्रमण कर अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हॉल को देख ले। चुनाव सामग्री कहां और कैसे रखनी है, पहले से तय कर ले। साथ ही अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर का भ्रमण कर सामग्री रखने के लिए कमरों को चिह्नित कर ले।

**अपराध अनुसंधान विभाग (C.I.D) झारखण्ड, राँची**

सूचित किया जाता है कि आपके शहर या गॉव से कोई बालक / बालिका अगर गुमशुदा है तो इस संबंध में अपराध अनुसंधान विभाग के Helpline Mobile No/Whatsapp No-8877444444 तथा email id :- complaint-cid@jhpolice.gov.in पर संपर्क करें। साथ ही बच्चों से संबंधित किसी प्रकार के दुर्व्यवहार के संबंध में भी उक्त Mobile No/Whatsapp/ e-Mail Id पर शिकायत किया जा सकता है।

अपराध अनुसंधान विभाग,
झारखण्ड, राँची
राजा–रानी कोठी नेपाल हाउस एरिया
डोरंडा, राँची

PR 324045 CID (24-25)_D

# जिला मतदाता जागरूकता प्रखंड स्तरीय महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 एवम शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## महिला वर्ग में गम्हार डीपा और पुरुष वर्ग में निर्मला उच्च विद्यालय की टीम विजेता हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूकता करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा के मार्गदर्शन में सिमडेगा जिला प्रशासन के द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसके तहत सिमडेगा जिला प्रशासन स्वीप कोषांग और हॉकी सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में आज सिमडेगा जिला निवासी अर्जुन अवार्ड से सम्मान प्राप्त ओलंपियन सह विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता में सभी पदक प्राप्त कर चुके स्व माइकल किंडो की धरती कुरडेग प्रखंड के खालीजोर विद्यालय के हॉकी मैदान में सिमडेगा जिला मतदाता जागरूकता सीनियर कुरडेग प्रखंड स्तरीय महिला एवम पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन सह शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रतियोगिता के महिला वर्ग के खेले गए फाइनल मुकाबले में गम्हार डीपा ने खालिजोर विद्यालय की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित कर विजेता बनी, मैदानी खेल में दोनो ही टीम 02-02 गोल की बराबरी पर थीं। गम्हार डीपा टीम की रुपसाना केरकेट्टा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एवं खालीजोर विद्यालय की शिल्पा तिर्की को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चयनित कर सम्मानित किया गया, वन्हि पुरुष वर्ग का फाइनल मैच भी मैदानी खेल में निर्मला उच्च विद्यालय खालीजोर और डे बोर्डिंग कुरडेग हाई स्कूल के बीच 2-2 गोल की बराबरी पर रहा है पेनाल्टी शूटआउट में निर्मला उच्च विद्यालय की टीम 3-2 से बिजयी हुई। पुरुष वर्ग में निर्मला उच्च विद्यालय के पंकज एक्का को प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट तथा कुरडेग डे बोर्डिंग के अमन टोप्पो को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट चयनित कर सम्मानित किए गया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और जर्सी सेट देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता की सुरूवात हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, पंखरासियूस टोप्पो,फादर विपिन सोरेंग, फादर रंजित डुंगडुंग एवम अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थित खिलाड़ियों ,अतिथियों और विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्र गान किए तत्पश्चात 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और उत्साह बढ़ाने की शपथ ली। प्रतियोगिता को सफल बनाने में नीलम एक्का, अतुल तिर्की, नवीन मिंज, जॉन मिंज, कामिल कुजूर, पौलूस तिर्की, फादर विपिन सोरेंग, फादर रंजित डुंगडुंग, हॉकी सिमडेगा पंखरासियूस टोप्पो, बलबीर प्रसाद, सोनू ठाकुर, मनोज कोणबेगी, स्वीप कोषांग के विजय लकड़ा, जगनाथ, एवम की प्रमुख भूमिका थी।




# कुडू में जंगली हाथी ने एक को कुचला, दर्दनाक मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू में जंगली हाथीयों के झुंड ने एक बार फिर अपना कहर बरपाया है। सोमवार की देर रात करीब 10:30 बजे प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत के चडरा गांव में जंगली हाथीयो ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के चंदलासो गांव निवासी शुक्रा उरांव का पुत्र महावीर उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10-30 बजे बड़मड़ा ईटरा गांव में 20 से 25 जंगली हाथीयों के झुंड गांव की तरफ आने की सूचना ग्रामीणों को मिली। सूचना मिलने के बाद एकजुट हुए गांव वाले मशाल, बम -पटाखा लेकर हाथी को भगाने निकल गए। इसी बीच बड़मारा और चंदलासो गांव के सीमाने पर स्थित डेम के समीप अपने खेत की सिंचाई कर रहे महावीर उरांव भी हाथी भगाने चला गया। तभी महावीर भगत के क्रेशर के समीप ग्रामीण और हाथीयों का झुंड आमने सामने हो गया। हाथियों को सामने देख अफरा तफरी में लोगों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई जबकी महावीर ज़मीन पर गिर गया जिसे हाथियों ने कुचलकर मौत की घाट उतार दिया। हादसे के कुछ देर बाद ग्रामीणों ने महावीर को कूडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। घटना की सूचना पर लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने त्वरित संज्ञान लिया जिसके बाद मृतक की पत्नी को अस्थायी राहत के रूप में डीएफओ लोहरदगा द्वारा 25 हज़ार रुपये का मुआवजा दिया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग की कार्यशैली से आक्रोशित हैं। लोगों का कहना है कि लगातार हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने के बाद भी कोई पुख्ता इन्तेज़ान नही किया जाता है जिससे प्रतिवर्ष दर्जनों लोग बेघर होते हैं और जान माल का नुकसान होता रहता है। फिलहाल हाथियों के क्षेत्र में घूमने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।



# लोहरदगा स्टेडियम में 30 अप्रैल को आजसु पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का होगा महा जूटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जसु पार्टी का अहम बैठक कुडू प्रखंड के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रभारी सूरज अग्रवाल उपस्थित थे। सभी प्रखंड के नेताओं को निर्देश दिया गया कि आगामी 30 अप्रैल 2024 को लोकसभा के सभी 5 विधानसभा से आजसु पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का जूटान लोहरदगा स्टेडियम में होना है। इस सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस निमित्त सभी नेताओं को निर्देश दिया गया कि सभी ग्राम प्रभारी की उपस्थिति इस सम्मेलन में अनिवार्य होगी जो भी ग्राम प्रभारी निष्क्रिय हैं उनके जगह पर एक्टिव ग्राम प्रभारी बनाकर संगठन को मजबूत किया जाए एवं एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने में हम सभी आजसु के निष्ठावान कार्यकर्ता लग जाए। आज कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय सचिव कवंलजीत सिंह, जिला अध्यक्ष ओम भारती, मुन्ना अग्रवाल, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, परमेश्वर महतो, जावेद खान, साजिद कलाल, प्रदीप ठाकुर, सलीम पांडू, कनवर लाल खान, देवी पहान, कबीर अंसारी, याकूब राय, जिंगी मुखिया दिलीप उरांव, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# वीर कुंवर सिंह कुशल योद्धा के साथ कुशल राजनीतिज्ञ थे : प्रधानाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वीर कुँवर सिंह की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य द्वारा वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा की वीर कुंवर सिंह एक कुशल योद्धा तथा कुशल राजनीतिज्ञ थे। साथ ही कहा की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था। वे युद्ध कला में पूरी तरह कुशल थे। विशेष कर छापामार युद्ध करने में उन्हें महारथ हासिल था। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया की ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही उसके बावजूद अनेक सामाजिक कार्य भी किये थे। इस अवसर पर विद्यालय के बहन पूजा कुमारी व भैया रोहित कुमार तथा चतुर्थ कक्षा के नीतिल यादव द्वारा वीर कुँवर सिंह के जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। जीवन में सफलता प्राप्त करने और अग्रसर होने के लिए संबोधन के क्रम में भैया बहनों को महापुरूषों की जयंती मनाने का निर्देश देते हुए कहा गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य आचार्या का सराहनीय योगदान रहा। मौक पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, डॉली कविता, प्रेमशीला उरांव, संध्या कुमारी, खुश्बू कुमारी, ाजकिशोर उरांव, खुशी कुमारी सहित सभी आचार्य आचार्य व भैया बहन उपस्थित थे।



## महाविद्यालय में हनुमान जयंती एवं कुंवर सिंह जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में हनुमान जयंती एवं वीर कुंवर सिंह जी की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर श्रीमती ऋद्धि मिश्रा एवं प्रीति कुमारी द्वारा हनुमान जी के बचपन की घटनाओं को बताया गया। वीर कुंवर सिंह जयंती की शुरुआत उनके जीवनी, उपलब्धियों एवं उनके शौर्य गाथाओं के वर्णन के साथ किया गया तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह जी का अंतिम दिन में दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता एवं भगवान हनुमान के जन्म से जुड़ी कथा और हनुमान जी के भक्ति करने का महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन सह अतिथि स्वागत का कार्यक्रम प्रीति कुमारी गुप्ता ने कराया। निर्णायक की भुमिका कविता कुमारी और ऋद्धि मिश्रा ने निभाया। कार्यक्रम में यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, सनोज कुमार साहु, रितेश पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में कुंवर सिंह का शौर्य दिवस मनाया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में वीर कुंवर सिंह का शौर्य-दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पार्चन किया गया एवं छात्रों के द्वारा वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रामचंद्र गिरि ने वीर कुंवर सिंह के विषय में विस्तार से छात्रों को बताते हुए कहा कि लोहरदगा के साथ वीर कुंवर सिंह जी का आत्मीय संबंध रहा है । उनकी बहन रूपन कुंवर का विवाह किस्को प्रखंड के हेंसापीढ़ी ग्राम निवासी जगन्नाथ साहदेव के साथ हुआ था और 1857 में केकरांग घाटी में अंग्रेजों से लड़ते हुए जगन्नाथ शाही शहीद हो गए थे। लोहरदगा गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब उनका गढ़ हुआ करता था जो अवशेष रूप में आज भी विद्यमान है। विद्यालय के संगीत शिक्षक धनेश लोहरा एवं कौस्तुभ पांडे के निर्देशन में छात्रों के द्वारा वीर कुंवर सिंह से संबंधित वीर रस का गीत गया गया। मंच का संचालन विद्यालय के कार्यक्रम प्रमुख अनिल एक्का ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# सेन्हा महाबीर मंदिर में धूम धाम से मनाई गई हनुमान जन्मोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्याल के सेन्हा बाजार चौक स्थित महाबीर मंदिर में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा धूम धाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाई गई। इस मौके पर सुबह 8 बजे से पुरोहित अवनीश पाठक द्वारा हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई गई। तथा 12 बजे प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया। साथ ही शाम सात बजे से आयोजित भजन कीर्तन में लोग देर रात तक झूमते रहे। वही विहिप के कार्यकर्ताओं द्वारा भक्तो के बीच हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू ने कहा कि भगवान हनुमान जी महादेव शंकर के 11 वें रुद्रावतार हैं। जिनका जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। वे भगवान राम के सबसे बड़े व अन्यन्य भक्त थे जो भक्तों विघ्न बाधा और कष्टों के नाशक हैं। इस मौके पर गौतम केसरी, रवि कुमार गौरव कुमार संतोष महतो, संजय साहू सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव हेतु विधि व्यवस्था एवं अन्य बिंदुओं को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, प्रशिक्षु आईपीएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

# अवैध बालू परिवहन मामले में प्रशासन ने संयुक्त कारवाई कर तीन ट्रैक्टर को किया जप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले की गुप्त सूचना पर प्रशासन द्वारा संयुक्त कारवाई कर तीन ट्रैक्टर को सेन्हा बरवाटोली से पुलिस ने जप्त किया। सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारी की गुप्त सूचना अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को लगातार मिल रहा था। लेकिन आगमी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का व्यस्तता होने का फायदा बालू माफिया द्वारा उठाया जा रहा था। मंगलवार सुबह बालू माफियाओं ने हद पार कर दिया जिसकी सूचना अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को मिलते ही उनके नेतृत्व में प्रशिक्षु एस पी वेदांत शंकर के निर्देश पर एस आई मनोज कुमार ने क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छपेमारी करते हुए सेन्हा बरवाटोली ग्राम पथ से तीन ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि अवैध बालू उठाव एवं विभाग को राजस्व क्षति करने का बालू माफियाओं का साजिश के तहत चोरी छुपे लगतार बालू ढुलाई कर रहे थे। जिसके विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। और खनन अधिनियम और परिवहन अधिनियम के तहत जप्त ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध नियम संगत कारवाई किया जाएगा। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लगतार कारवाई के बावजूद बालू का उठाव थम नही रहा है। जिसे पीआर बताते हुए उन्होंने कहा अब उन सभी बालू माफियाओं के विरुद्ध कारवाई किया जाएगा जो इस कार्य में संलिप्त है।



## छात्र छात्राओं ने पेपर के माध्यम से सीखा ट्राइबल आर्ट एंड क्राफ्ट का गुर



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में बेसिक उच्च विद्यालय के छात्र छात्राएं विद्यालय की शिक्षिका के निर्देशन में अखबार और कागज से बनने वाले आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत ट्राइबल आर्ट एंड क्राफ्ट का विद्यालय के 26 छात्र छात्राओं ने गुर सिखा। वही बेसिक उच्च विद्यालय की शिक्षिका डॉ.वैजयंती उरांव ने बताया की रद्दी पेपर और अखबार तथा गोंद, वाटर कलर, धागा से छोटे छोटे डॉल या घर को सजाने संवारने के लिए नवाचार वस्तु बनाया जा सकता है। साथ ही बताया की बहुत ही कम लागत से इससे व्यवसाय के रूप में काम किया जा सकता है। वही शिक्षिका द्वारा अन्य चीजों को सीखने की भी जानकारी दी गई। मौक पर शिवानी कुमारी, शब्बा प्रवीन, बिना कुमारी, आयुष उरांव,जयवंत कच्छप, गजाला खातून, सूफिया प्रवीन, आरती कुमारी, राहुल चिकबड़ाक, कशिश प्रवीन सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# संसार के सबसे बड़े सेवक एवं बुद्धिमान हैं राम भक्त हनुमान : सच्चिदानंद लाल अग्रवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हनुमान जन्मोत्सव वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर दादा-दादी नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत के माननीय प्रांत संघचालक श्री सच्चिदानंद लाल अग्रवाल विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव श्री अजय प्रसाद विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे तथा राम ज्ञानी पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री महेंद्र कुमार मिश्र ने बाबू वीर कुंवर सिंह जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहां की 80 बरस की अवस्था में भी उन्होंने अंग्रेजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। राम ज्ञानी पाठक जी ने श्री हनुमान जी बल बुद्धि ज्ञान तथा सभी कार्यो को सिद्ध करने वाले प्रत्यक्ष देवता है जो अजर अमर है हम बालकों को उनकी आराधना करनी चाहिए। प्रधानाचार्य ने दादा दादी नाना नानी सम्मान समारोह की महत्व को बताते हुए अनेकों प्रसंग प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य रूप से उनके जीवन की एक प्रसंग शामिल है। उन्होंने बताया कि वह अपने दादाजी के साथ रहते हुए उन्होंने सामाजिक राजनीतिक पारिवारिक बोध को सीखा। अपने आशीर्वचन में माननीय प्रांत संचालक ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन के द्वारा बच्चों के अंतर्गत माता-पिता समाज राष्ट्र के प्रति लगाव उत्पन्न होता है जिससे आगे चलकर इन विद्यालयों में पढ़ने वाले भैया बहन राष्ट्र हित का चिंतन करते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जी अजर अमर है जो बाल शक्ति बुद्धि तथा सच्चे राम भक्त एवं समाज के सर्वोत्कृष्ट सेवक के रूप में जाने जाते हैं। उपस्थित दादा दादी/नाना नानी का भैया बहनों ने पदप्रचलन कर उनकी पूजा अर्चना कर मिष्ठान खिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावक इस दृश्य को देखकर आत्म विभोर हो गए तथा भूरी भूरी प्रशंसा की। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।



# विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में कन्या भारती चुनाव हेतु सभी दलों ने प्रधानाचार्य के पास किया नामांकन पत्र दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में कन्या भारती का चुनाव हेतु सभी दलों ने प्रधानाचार्य के पास नामांकन पत्र दाखिल किया। कन्या भारती का नामांकन का आज अंतिम तिथि थी।भरत दल से अध्यक्ष पद के लिए बहन ज्ञानी कुमारी, उपाध्यक्ष में बहन तनवी कुमारी, मंत्री में बहन श्रुति कुमारी, सह मंत्री में बहन वर्षा कुमारी, सेनापति में बहन संध्या कुमारी, सह सेनापति में बहन पूजा कुमारी। शिवाजी दल से अध्यक्ष में बहन शिखा कुमारी, उपाध्यक्ष में बहन श्वेता कुमारी, मंत्री में बहन सौम्या कुमारी, सह मंत्री में बहन पीहू कुमारी,सेनापति में बहन सरस्वती कुमारी, सह सेनापति में बहन आशना कुमारी, आरूणि दल से अध्यक्ष में बहन प्रियंका कुमारी, उपाध्यक्ष में बहन लक्ष्मी कुमारी, मंत्री में बहन मेघा कुमारी, सह मंत्री में बहन रेणु कुमारी, सेनापति में बहन लक्ष्मी कुमारी, सह सेनापति में बहन निशा कुमारी एकलव्य दल से अध्यक्ष में बहन बहालेन समद, उपाध्यक्ष में बहन रंभा कुमारी, मंत्री में बहन पूनम कुमारी, सह मंत्री में बहन सबिता महतो, सेनापति में बहन पायल कुमारी, सह सेनापति में साक्षी कुमारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। तीन मई को बैलेट पेपर के द्वारा वोट डाला जाएगा। चुनाव चिन्ह प्रत्येक दल को दिनांक 24/04/2024 को दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने सभी को विजयी होने का आशीर्वाद दिया।किशोर भारती का चुनाव के लिए 24/04/2024 को नामांकन करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। चुनाव लोकतन्त्र का एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसे विद्यालय के बच्चे अभी से जाने समझें इसलिए यह प्रक्रिया अपनाई गई है।



## किस्को थाना क्षेत्र में रात्रि गस्ती के दौरान देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में गुप्त सूचना एवं वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश में दिनांक 22/04/2024 सोमवार को रात्री में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था,जिसमे गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई के क्रम में किस्को थाना अन्तर्गत ग्राम हुटाप स्थित जलमीनार के पास पुलिस वाहन को देख कर भाग रहे एक युवक को एक देशी कट्टे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।इस मामले में मंगलवार को थाना प्रभारी किस्को ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी तथा इस मामले में किस्को थाना कांड संख्या- 11/2024, दिनांक-22.04.2024, धारा-25( 1-बी )ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।जिसमे गिरफ्तार अभियुक्त अर्जुन यादव उर्फ कुनु यादव उम्र करीब 30 वर्ष,पिता सुगमबर यादव, ग्राम- हुटाप, थाना- किस्को, जिला लोहरदगा को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### चैनपुर में लोस चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

# सीआरपीएफ व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू)** : चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कंकारी,कोशियारा और चांदो क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इधर सदर एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था को मेंटेन करने के लिए और आम जनता के अंदर चुनाव को लेकर अमन-शांति का विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी डर,भय के वोटिंग सेंटर में जाकर वोट करें। अगर कोई किसी को लालच दें कर उसकी वोट खरीदने की कोशिश करता है तो उसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों को करें। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि लोगों के अंदर डर खत्म करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम कर लिए गए हैं। महिलाएं, बुजुर्ग व पुरुष बिना किसी खौफ के पोलिग बूथ पर जाकर अपने वोट का इस्तेमाल करें। मौके पर सदर एसडीएम अनुराग तिवारी, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद,चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर,व प्रखंड अंचल पदाधिकारी चंद्र शेखर कुणाल,सीआरपीएफ 112 के डिप्टी कमांडेंट बीएन भोई व पुलिस के जवानों ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला सहित बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान शामिल थें।

# चमरा लिंडा के मैदान में आने से भाजपा और कांग्रेस की उड़ी नींद

### लोहरदगा का इतिहास : त्रिकोणीय संघर्ष में हमेशा मिला बीजेपी को फायदा

### सुखदेव भगत द्वारा बनाई जा रही रणनीति में एक भी चूक हुई तो उन्हें हर की मुंह देखना पड़ेगा

### सुखदेव भगत अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से हैं आश्वस्त







**राजेश गुप्ता @ प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में उतरते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस की नींद उड़ गई है। दोनों पार्टी के नेता अपने-अपने हिसाब से जातीय आधारित आंकड़ा को लेकर जोड़ घटाव में जुट गए हैं। अपने-अपने हिसाब से जीत का दावा भी कर रहे हैं। क्योंकि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में हमेशा से भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर रही है। ऐसे में चमरा लिंडा की चुनाव मैदान में उतरने से त्रिकोणीय समीकरण होते दिख रही है। पर ऐसा नहीं है। क्योंकि चमरा लिंडा किसी एक राष्ट्रीय दल को जीत दिलाने एवं हराने के लिए तुरूप का पत्ता साबित होंगे। वहीं जनता की रुझानों की बात करें तो उन लोगों का कहना है कि चमरा लिंडा की मैदान में आने से भारतीय जनता पार्टी अपने मंजिल के करीब होंगे। लोहरदगा का इतिहास है कि त्रिकोणीय संघर्ष में हमेशा भारतीय जनता पार्टी को फायदा मिला है। ऐसे कांग्रेस पार्टी भी चमरा लिंडा के आने से अपनी जीत को लेकर पूरी तरह अस्वस्थ है। कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत पिछले कई चुनाव हारने के बाद कहां कमी रह गई है,उसे पाटते हुए एक भी चूक ना हो इन सारी बिंदुओं पर काम कर रहे है।

उन्होंने पूरी मुस्तैदी के साथ लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में अपनी कार्यकर्ताओं की जाल फैला दी है और स्वयं भी लोगों से संपर्क साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। और उनका मानना है कि इस बार लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी। लेकिन अगर सुखदेव भगत द्वारा बनाई जा रही रणनीति में एक भी चूक होती है तो उन्हें हार की मुंह देखनी पड़ेगी।

दोनों राष्ट्रीय दल के नेता अपनी जीत को सुनिश्चित करने को लेकर लोकसभा क्षेत्र की भ्रमण तेज कर दी है। जनता को अपने लच्छेदार बातों से लुभाने में जुट गई है। पर जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान लोहरदगा जिला में लगातार चलाए जाने से मतदाता काफी जागरूक और लोकतंत्र के हित के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब मतदाता नेताओं के लच्छेदार बातों पर आने वाला नहीं है। अपनी एक वोट की महता को पहचान गई है जो देश की दशा और दिशा तय करती है। देश को सर्वांगीण विकास करने वाला दल को ही मतदाता अपने मत का प्रयोग करने का मन बना चुकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि चमरा लिंडा किसे हराते हैं और किसे जीत का सेहरा पहनाते हैं। या खुद विजय माला पहनते हैं। यह तो मतगणना के बाद पता चल पायेगा।

# गुजरात में बीजेपी सभी सीटे जीतेगी : मुकेश दलाल



**एजेंसी**

**सूरत** : सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश कुमार दलाल निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं.सूरत सीट से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भणी का नामांकन रद्द होने के बाद अन्य प्रत्याशियों ने भी अपना नाम वापस ले लिया. नाम वापस लेने के बाद चुनावी दंगल में केवल बीजेपी प्रत्याशी मुकेश कुमार दलाल ही बचे थे. रविवार को जिलाधिकारी और चुनाव अधिकारी सौरभ पारधी ने बीजेपी प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंप दिया. इससे मुकेश कुमार दलाल बिना चुनाव लड़े ही सूरत लोकसभा सीट के सांसद बन गए हैं. मुकेश कुमार एक व्यापारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं. उनका परिवार पिछले सात दशकों से कपड़े के कारोबार से जुड़ा हुआ है. वे संयुक्त परिवार में रहते हैं. उनके एक पुत्र और पुत्री बेटी है. दोनों ही शादीशुदा हैं.विरोध दलों द्वारा नामांकन पत्रों की जांच में धांधली किए जाने के आरोप पर उन्होंने कहा कि विरोधी दल झूठ की राजनीति कर रहे हैं. पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के तहत पूरा मामला देशवासियों के सामने हैं. कांग्रेस प्रत्याशी ने प्रस्तावों के फर्जी हस्ताक्षर कराए. और खुद प्रस्तावकों ने अधिकारियों के सामने यह स्वीकार किया है कि कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके नहीं हैं. इससे साफ हो जाता है कि कांग्रेस हमेश से झूठ की राजनीति करती आई है और अभी भी कर रही हैं, लेकिन अब उसका झूठ उजागर हो रहा है. उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में उनकी या बीजेपी की कोई जिम्मेदारी या भूमिका नहीं है. मुकेश कुमार दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जो कार्य किए हैं, उनके आधार पर भारत का नाम और मान पूरी दुनिया में बढ़ा है. भ्रष्टाचार और परिवारवाद खिलाफ हमारे प्रधानमंत्री संघर्ष कर रहे हैं. और अब उसका असर दिखलाई भी देने लगा है. देश में विकास की नई बयार बह रही है.

# खूंटी की महिलाओं का सवाल, 17 चुनाव में सिर्फ एक बार टिकट क्यों




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1952 से लेकर अब तक खूंटी संसदीय सीट पर हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा।

सुशीला केरकेट्टा ने 2004 कें लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला।

खूंटी संसदीय सीट से 1952, 1957, 1962 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा ने लगतार जीत दर्ज की थी। 1967 में उन्होंने प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कहने पर झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और उस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे, लेकिन झारखंड पार्टी के ही कद्दावर नेता एनई होरो सहित कई लोगों ने विलय का विरोध किया और 1971 में झारखंड पार्टी के संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ा और वे लोकसभा पहुंचे गये। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कड़िया मुंडा जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत गये, लेकिन 1980 के चुनाव में एनई होरो ने फिर उन्हें मात दे दी।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर में कांग्रेस के प्रत्याशी साइमन तिग्गा खूंटी से सांसद बने। उसके बाद 1989, 1991 1998 और 1999 में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार जीत दर्ज की, लेकिन 2004 में कड़िया मुंडा कांग्रेस प्रत्याशी सुशीला केरेकेट्टा से मात खा गये। 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने सुशीला केरेकेट्टा को टिकट नहीं देकर नियेल तिर्की को मैदान में उतारा, लेकिन वे भी कड़िया मुंडा से परास्त हो गये। 2014 में कड़िया मुंडा आठवीं बार जीत हासिल कर लोकसभा पहुंचे। पद्मभूषण अलंकरण मिलने के बाद उन्होंने चुनावी राजनीति से खुद को अलग कर लिया। 2019 में भाजपा ने अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा और उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को महज 1445 वोट के अंतर से पराजित कर संसद पहुंचे थे। इस बार भी मुकाबला दोनों पुराने प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस के कालीचरण मुंडा और भाजपा के अर्जुन मुंडा के बीच ही है।

# पटियाला : कांग्रेस के गढ़ में पहली बार चौकोना मुकाबला









**एजेंसी**

**चंडीगढ़** : पंजाब की सियासत में हॉट मानी जा रही पटियाला सीट पर इस बार बदले सियासी समीकरणों के कारण पहली बार चौकोना मुकाबला होने जा रहा है।

कांग्रेस का गढ़ रही इस सीट से आप ने अपने सेहत मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, कांग्रेस ने पूर्व सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी, भाजपा ने चार बार की सांसद परनीत कौर और शिअद ने एनके शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि अब तक पटियाला में कांग्रेस और अकाली-भाजपा गठबंधन व आप के बीच ही मुकाबला देखने को मिलता था। चौकोना मुकाबला होने के कारण इस बार पटियाला में सभी पार्टियों के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना है।

इस बार के चुनावों में मुद्दे भी हावी रह सकते हैं, क्योंकि पटियाला में कई बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट सालों से लटके हैं। उम्मीदवार हर चुनाव में इन प्रोजेक्टों को शुरू कराने के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन बाद में इनकी सुध नहीं ली जाती। कांग्रेस का गढ़ रहे पटियाला लोकसभा हलके की बात करें, तो 1952 से अब तक यहां 17 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें सबसे अधिक 11 बार कांग्रेस अपनी जीत का परचम फहरा चुकी है। कांग्रेस के राम प्रताप गर्ग 1952 में यहां से पहले सांसद थे।

पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर यहां से चार बार सांसद रह चुकी हैं। सबसे पहले वह 1999 में पटियाला से लोकसभा चुनाव जीती थीं और इसके बाद 2004, 2009 और फिर 2019 में चुनी गईं।

पटियाला लोकसभा हलके में 9 विधानसभा क्षेत्र राजपुरा, घन्नौर, सन्नौर, पटियाला (शहरी), पटियाला (देहाती), नाभा, समाना, शुतराणा व डेराबस्सी पड़ते हैं। इस समय सभी हलकों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। पटियाला हलके में कुल वोटरों की गिनती 1796352 है, जिनमें से 939319 पुरुष व 8,56,955 महिलाएं और 78 थर्ड जेंडर हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में इस हलके से वोट प्रतिशत 67.79 प्रतिशत रही थी। 2019 के चुनावों में परनीत ने अकाली दल के सुरजीत सिंह रखड़ा को 162718 वोटों के अंतर से हराया था। परनीत कौर को 532027 और वहीं रखड़ा को 369309 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहे डा. धर्मवीर गांधी को 161645 मत प्राप्त हुए थे।

### कब कौन जीता

1957 में कांग्रेस के लाला अचिंत राम, 1962 में कांग्रेस के सरदार हुकम सिंह, 1967 में कांग्रेस की मोहिंदर कौर, 1971 में कांग्रेस के सतपाल कपूर, 1977 में अकाली दल के गुरचरन सिंह टोहड़ा, 1980 में कांग्रेस के कैप्टन अमरिंदर सिंह, 1984 में अकाली दल के चरनजीत सिंह वालिया, 1989 में आजादी उम्मीदवार के तौर पर अतिंदरपाल सिंह, 1991 में कांग्रेस के संत राम सिंगला, 1996 में अकाली दल के प्रेम सिंह चंदूमाजरा, 1998 में अकाली दल के प्रेम सिंह चंदूमाजरा, फिर लगातार तीन चुनाव में कांग्रेस की परनीत कौर, 2014 में आप के डॉ. धर्मवीर गांधी यहां से चुनाव जीते थे।

### उम्मीदवारों को कहां नफा, कहां नुकसान

पटियाला सीट पर चुनावी समीकरण बदले हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद परनीत कौर भाजपा में हैं। हालांकि, इस बार परनीत के लिए जीत की राह पहले के मुकाबले चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान सभी विस हलकों में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर टकसाली भाजपाई भी परनीत के चुनाव प्रचार से गायब हैं, जो उन्हें टिकट मिलने से नाराज हैं। पूर्व कैप्टन सरकार की ओर से अपने चुनावी वादों पर खरा न उतरने का गुस्सा भी अब तक लोगों में है, लेकिन परनीत कौर का पटियाला के लोगों में खासा प्रभाव है, जिसका उन्हें लाभ मिल सकता है।

# अलीगढ़ वालों ऐसा ताला बनाओ जो बीजेपी के मंसूबों पर लगा दें ताला : अखिलेश



**एजेंसी**

**अलीगढ़** : लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के समर्थन और जनता से वोट की अपील करने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा।

अखिलेश ने ताला नगरी अलीगढ़ में जनसभा में आई जनता से कहा कि किसान जानते होंगे पूरे, देश और प्रदेश के किसान दिल्ली जाकर इस सरकार के खिलाफ खड़े हो गए। इन्होंने पुलिस लगा दी, लेकिन हमारे किसानों ने परवाह नहीं की। हजारों शहीद हो गए फिर इन्होंने तीनों काले कानून वापस ले लिए।

अब समय आ गया है कि संविधान की बात हो। यह जो गारंटी देते घूम रहे हैं यह गारंटी इस तरह की है जैसे कोरोना में हमसे आपसे थाली बजवाई थी।

यह गारंटी नहीं लोगों को घंटी दे दी है जाओ बजाते रहो।सपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं अलीगढ़ वालों से कहूंगा एक ऐसा ताला बनाओ जिससे हम सब मिलकर बीजेपी के सभी गलत मंसूबों पर ताला लगा दें। उन्होंने कहा कि यह सरकार जब से आई है हमारा किसान संकट में चला गया। अपनी परेशानी के कारण एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली, क्या जवाब है सरकार के पास ?.अखिलेश ने अग्निवीर और नौकरी को लेकर तंज कसते हुए कहा कि सोचिए नौजवान साथियों आपका एक तिहाई जीवन इस सरकार ने बर्बाद किया है। आपके जीवन से खिलवाड़ करने का काम कोई कर रहा है तो यह सरकार कर रही है। उनकी नियत नहीं है नौकरी देने की।

# कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**जयपुर** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर मंगलवार को निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी सजा हो जाता है. मैंने ही कांग्रेस की वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया है.पीएम मोदी ने राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर में चुनावी रैली करते हुए कहा, कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था.उन्होंने आगे कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है. दरअसल, कर्नाटक के बेंगलुरु में अजान के वक्त हनुमान चालीसा बजाने के कारण कथित तौर पर दुकानदार की पिटाई करने का मामला सामने आया था.पीएम मोदी ने राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर में चुनावी रैली करते हुए कहा,कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था.उन्होंने आगे कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है. दरअसल, कर्नाटक के बेंगलुरु में अजान के वक्त हनुमान चालीसा बजाने के कारण कथित तौर पर दुकानदार की पिटाई करने का मामला सामने आया था.

# बंगाल में रामनवमी पर जहां हुई हिंसा, वहां न हों लोकसभा चुनाव : हाई कोर्ट



**एजेंसी**

**कोलकाता:** हाईकोर्ट ने कहा कि चुनाव 7 मई और 13 मई को हैं. हम कहेंगे कि चुनाव कराने ही नहीं चाहिए. चुनाव का क्या फायदा? कोलकाता में भी 23 स्थान ऐसे हैं, जहां जश्न मनाया गया लेकिन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई. यदि आचार सहिंता लागू होने पर ऐसा हो रहा है, तो राज्य पुलिस क्या करती है? केंद्रीय बल क्या कर रहे हैं? दोनों झड़पों को रोक नहीं सके. अब तक कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है? इस पर राज्य की तरफ पेश हुए वकील ने कहा कि सीआईडी ने अब जांच अपने हाथ में ले ली है.वहीं हाईकोर्ट ने कहा कि हमारा प्रस्ताव है कि हम भारत के चुनाव आयोग को एक सिफारिश करेंगे कि जो लोग शांति से जश्न नहीं मना सकते, उन्हें चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए. हम चुनाव आयोग को प्रस्ताव देंगे कि बरहामपुर (मुर्शिदाबाद क्षेत्र) में चुनाव टाल दिया जाए. दोनों पक्षों की यह असहिष्णुता अस्वीकार्य है. हाईकोर्ट ने हिंसा पर रिपोर्ट मांगी है. चुनाव रोकने के संबंध में अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है. अब मामले में शुक्रवार को आगे की सुनवाई होगी.

**मुर्शिदाबाद में हुई थी हिंसा**

बता दें कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बुधवार 17 अप्रैल को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प देखने को मिली थी. घटना शाम शक्तिपुर इलाके में हुई. यहां रामनवमी के मौके पर जुलूस निकाला जा रहा था. घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें दिख रहा है कि लोग अपनी छतों से जुलूस पर पथराव कर रहे हैं. हिंसक घटना के कारण तनाव बढ़ता देख, भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े. इस दौरान कई लोग घायल हो गए थे.